Adda247

THE HINDU REVIEW

अगस्त 2022

करेंट अफेयर्स | मंथली कैप्सूल

Contents

The Most Important Current Affairs August 2022 3
Banking and Financial Current Affairs 9
Economy Current Affairs 10
Business Current Affairs 12
International Current Affairs 12
National Current Affairs 13
States Current Affairs 15
Schemes/Committees 17
Agreement/Memorandum of Understanding (MoU) 18
Appointments/Resignations (National & International) 19
Ranks and Reports 21
Sports Current Affairs 21
Summits And Conferences 25
Awards & Recognition 25
Important Days 26
Defence Current Affairs 28
Science and Technology 30
Books & Authors 31
Miscellaneous Current Affairs 31
Obituaries 32
Static Takeaways 33
List of Countries and Its Important Festivals 36
List of Countries and their Parliaments 37

The Most Important Current Affairs August 2022

Commonwealth Games 2022: भारत ने 61 पदकों के साथ किया समापन, जानें विस्तार से

बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स (Commonwealth Games 2022) में भारत के सफर का अंत हो चुका है। भारत ने पदक तालिका (Medal tally) में चौथे स्थान पर रहते हुए इन राष्ट्रमंडल खेलों में अपना अभियान खत्म किया। भारत ने इन खेलों में 22 गोल्ड के साथ कुल 61 मेडल जीते। भारत से ऊपर इस टैली में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा रहे। यह प्रदर्शन भारत के लिए शानदार है क्योंकि इस बार के खेलों में निशानेबाजी (शूटिंग) शामिल नहीं था। साल 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में भारत ने शूटिंग के साथ 66 मेडल जीते थे। यह प्रदर्शन उस लिहाज से लाजवाब है।

भारत के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रमंडल खेलों के अभियान:

- 2010, नई दिल्ली: 101 पदक
- 2002, मैनचेस्टर: 69 पदक
- 2018, गोल्ड कोस्ट: 66 पदक
- 2014, ग्लासगो: 64 पदक
- 2022, बर्मिंघम: 61 पदक

राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारत का सर्वश्रेष्ठ स्वर्ण पदक:

- 2010, नई दिल्ली: 38 स्वर्ण पदक
- 2002, मैनचेस्टर: 30 स्वर्ण पदक
- 2018, गोल्ड कोस्ट: 26 स्वर्ण पदक
- 2006, मेलबर्न: 22 स्वर्ण पदक
- 2022, बर्मिंघम: 22 स्वर्ण पदक

इंडियन टैली में पहला और आखिरी मेडल:

- भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने 49 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- पैडलर शरथ कमल ने टेबल टेनिस पुरुष एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत का आखिरी स्वर्ण पदक जीता।

गोल्ड मेडल विजेता

- मीराबाई चानू, (वेटलिफ्टिंग)
- जेरेमी लालरिनुंगा, (वेटलिफ्टिंग)
- अचिंत शेउली, (वेटलिफ्टिंग)
- भारतीय महिला टीम, (लॉन बॉल्स)
- भारतीय पुरुष टीम (टेबल टेनिस मिक्स्ड टीम)
- सुधीर, (पैरा पावर लिफ्टिंग)
- बजरंग पूनिया, (कुश्ती)
- दीपक पूनिया, (कुश्ती)
- साक्षी मलिक, (कुश्ती)
- रवि दहिया (कुश्ती)
- विनेश फोगाट (कुश्ती)
- नवीन सिहाग (कुश्ती)
- भाविना पटेल (पैरा टेबल टेनिस)
- नीतू घनघस (मुक्केबाजी)
- अमित पंघाल (मुक्केबाजी)
- निकहत जरीन (मुक्केबाजी)
- शरत कमल और श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस)
- एल्डोस पॉल (ट्रिपल जंप, एथलेटिक्स)
- पीवी सिंधु (बैडमिंटन)
- लक्ष्य सेन (बैडमिंटन)
- अचंता शरत कमल (टेबल टेनिस)
- चिराग शेट्टी-सात्विक साईंराजरैंकीरेड्डी (बैडमिंटन)

सिल्वर मेडल विजेता

- संकेत सरगर, (वेटलिफ्टिंग)
- बिंदियारानी देवी, (वेटलिफ्टिंग)
- सुशीला देवी, (जूडो)
- विकास ठाकुर, (वेटलिफ्टिंग)
- भारतीय बैडमिंटन टीम, (बैडमिंटन मिक्स्ड टीम)
- तुलिका मान, (जूडो)
- मुरली श्रीशंकर, (लंबी कूद, एथलेटिक्स)
- अंशू मलिक, (कुश्ती)
- अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज, एथलेटिक्स)
- प्रियंका गोस्वामी (पैदल वॉक, एथलेटिक्स)
- पुरुष टीम (लॉन बॉल्स)
- सागर अहलावत (मुक्केबाजी)
- शरत कमल और जी साथियान (टेबल टेनिस)
- महिला क्रिकेट टीम
- अब्दुल्लाह अबूबकर (ट्रिपल जंप, एथलेटिक्स)
- भारतीय पुरुष हॉकी टीम

ब्रॉन्ज मेडल विजेता

- गुरुराज पुजारी, (वेटलिफ्टिंग)
- विजय कुमार यादव, (जूडो)
- हरजिंदर कौर, (वेटलिफ्टिंग)
- लवप्रीत सिंह, (वेटलिफ्टिंग)
- सौरव घोषाल, (स्क्वैश)
- गुरदीप सिंह, (वेटलिफ्टिंग)

- तेजस्विन शंकर, एथलेटिक्स (पुरुष हाई जंप)
- दिव्या काकरान, (कुश्ती)
- मोहित ग्रेवाल, (कुश्ती)
- जैसमिन लंबोरिया, (मुक्केबाजी)
- पूजा गहलोत (कुश्ती)
- पूजा सिहाग (कुश्ती)
- मोहम्मद हसमुद्दीन (मुक्केबाजी)
- दीपक नेहरा (कुश्ती)
- सोनलबेन पटेल (पैरा टेबल टेनिस)
- रोहित टोकस (मुक्केबाजी)
- महिला हॉकी टीम
- संदीप कुमार (10000 मीटर रेस वॉक, एथलेटिक्स)
- अनु रानी (भाला फेंक, एथलेटिक्स)
- किदांबी श्रीकांत (बैडमिंटन)
- त्रिसा जॉली व गायत्री गोपीचंद (बैडमिंटन)
- दीपिका पल्लिकल और सौरव घोषाल (स्क्वाश)
- जी. साथियान (टेबल टेनिस)

CWG 2022: Final Medal Tally

रैंक	देश	गोल्ड	सिल्वर	ब्रॉन्ज	टोटल मेडल
1	ऑस्ट्रेलिया	67	57	54	178
2	इंग्लैंड	57	66	53	176
3	कनाडा	26	32	34	92
4	भारत	22	16	23	61
5	न्यूजीलैंड	20	12	17	49
6	स्कॉटलैंड	13	11	27	51
7	नाइजीरिया	12	9	14	35
8	वेल्स	8	6	14	28
9	दक्षिण अफ्रीका	7	9	11	27
10	मलेशिया	7	8	8	23

Independence Day 2022: पीएम मोदी ने लाल किले से देश को किया संबोधित

इस साल 15 अगस्त का मौका बहुत ही खास है क्योंकि भारत अपना 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 9वें साल नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रध्वज फहराया है। देशभर में 'आजादी के अमृत महोत्सव' की धूम है और जनता के बीच भी 15 अगस्त को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।
लोगों ने अपने घरों पर भी तिरंगा लगाया है और सोशल मीडिया पर भी लाखों लोगों ने अपनी डीपी में तिरंगा लगाया है। सरकार 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रही है, जिसके तहत सभी भारतीयों को अपने घरों पर भी तिरंगा फहराया जाना है।

लगातार 9वीं बार तिरंगा फहराया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर लगातार 9वीं बार तिरंगा फहराया। केवल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू (17), इंदिरा गांधी (16) और मनमोहन सिंह (10) ने ही पीएम मोदी से अधिक बार स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया है।

देश को संबोधित किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित करते हुए कहा है, "डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद हों, नेहरू जी हों, सरदार वल्लभ भाई पटेल हों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, लाल बहादुर शास्त्री, दीनदयाल उपाध्याय, अनगिनत ऐसे महापुरुषों को आज नमन करने का अवसर है।" उन्होंने कहा, "हम आदिवासी समाज का भी गौरव करना नहीं भूल सकते...जिन्होंने आज़ादी में योगदान दिया।"

पीएम मोदी ने दिया भाषण

पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को 9वीं बार संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कुल एक घंटे 24 मिनट और 4 सेकेंड तक भाषण दिया। पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि हमने देखा है कि कभी कभी हमारी प्रतिभा भाषा के बंधनों में बंध जाती है। ये गुलामी की मानसिकता का परिणाम है। हमें हमारे देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

पीएम मोदी ने कहा कि कल 14 अगस्त को भारत ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हमने उन लोगों को भारी मन से याद किया जिन्होंने हमारे तिरंगे के सम्मान और मातृभूमि के प्रति प्रेम लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए देश को महिलाओं का अनादर बंद करने का संकल्प लेने का सशक्त संदेश दिया है।

भारत में रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि जुड़ीं

भारत में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में देश में 13,26,677 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए कुल 75 रामसर स्थलों को बनाने के लिए रामसर स्थलों की सूची में 11 और आर्द्रभूमि शामिल हो गई हैं। 11 नए स्थलों में तमिलनाडु में चार, ओडिशा में तीन, जम्मू और कश्मीर में दो और मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र प्रत्येक में एक शामिल हैं। इन स्थलों को नामित करने से इन आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन तथा इनके संसाधनों के कौशलपूर्ण रूप से उपयोग करने में सहायता मिलेगी।
1971 में ईरान के रामसर में रामसर संधि पत्र पर हस्ताक्षर के अनुबंध करने वाले पक्षों में से भारत एक है। भारत ने 1 फरवरी, 1982 को इस पर हस्ताक्षर किए। 1982 से 2013 के दौरान, रामसर स्थलों की सूची में कुल 26 स्थलों को जोड़ा गया, हालांकि, इस दौरान 2014 से 2022 तक, देश ने रामसर स्थलों की सूची में 49 नई आर्द्रभूमि जोड़ी हैं।

28 स्थलों को रामसर स्थल घोषित

इस वर्ष (2022) के दौरान ही कुल 28 स्थलों को रामसर स्थल घोषित किया गया है। रामसर प्रमाण पत्र में अंकित स्थल की तिथि के आधार पर इस वर्ष (2022) के लिए 19 स्थल और पिछले वर्ष (2021) के लिए 14 स्थल हैं। तमिलनाडु में अधिकतम संख्या है। रामसर स्थलों की संख्या (14), इसके पश्चात उत्तर प्रदेश में रामसर के 10 स्थल हैं।

11 भारतीय आर्द्रभूमि जिन्हें नए रामसर स्थलों के रूप में नामित किया गया है:

1. ओडिशा में ताम्पारा झील
2. ओडिशा में हीराकुंड जलाशय
3. ओडिशा में अंसुपा झील
4. मध्य प्रदेश में यशवंत सागर
5. तमिलनाडु में चित्रगुडी पक्षी अभयारण्य
6. तमिलनाडु में सुचिन्द्रम थेरूर वेटलैंड कॉम्प्लेक्स
7. तमिलनाडु में वडुवुर पक्षी अभयारण्य
8. तमिलनाडु में कांजीरकुलम पक्षी अभयारण्य
9. महाराष्ट्र में ठाणे क्रीक
10. जम्मू और कश्मीर में हाइगम वेटलैंड कंजर्वेशन रिजर्व
11. जम्मू और कश्मीर में शालबुग वेटलैंड कंजर्वेशन रिजर्व

रामसर साइट क्या है?

रामसर स्थल वह आर्द्रभूमि या नम भूमि हैं, जिन्हें रामसर कन्वेंशन के तहत "अंतर्राष्ट्रीय महत्व" दिया जाता है। विश्व भर में आर्द्र भूमि और जलवायु परिवर्तन के महत्व को समझते हुए यूनेस्को द्वारा 2 फरवरी 1971 में विश्व की आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे जो कि सन् 1975 में लागू हुआ था।

IFFM Awards 2022: आईएफएफएम अवाड्र्स 2022 की घोषणा

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IFFM)अवाड्र्स 2022 के विजेताओं की घोषणा की जा चुकी है। ऑस्ट्रेलिया में हर साल आयोजित होने वाले इस अवार्ड समारोह में भारत की कुछ सबसे प्रमुख और प्रशंसित फिल्मों, टीवी शोज और वेब सीरीज की स्क्रीनिंग करके इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का जश्न मनाता है। फ़िल्म '83' में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव की भूमिका में अपने करियर का बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को प्रतिष्ठित इंडियन फ़िल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (IIFM) में बेस्ट एक्टर ऑफ द ईयर का अवार्ड मिला है। इस फेस्टिवल में शेफाली शाह को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया है।

मोहित रैना (Mohit Raina) को वेब सीरीज 'मुंबई डायरीज 26/11' (Mumbai Diaries 26/11) के लिए बेस्ट सीरीज एक्टर का अवार्ड दिया गया तो वहीं बेस्ट सीरीज एक्ट्रेस का अवार्ड साक्षी तंवर के नाम रहा जो उन्हें 'माई' के लिए मिला। कबीर खान द्वारा डायरेक्ट की गई रणवीर सिंह की फिल्म '83' को बेस्ट फिल्म अवार्ड, तो वहीं प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'मुंबई डायरीज 26/11' को बेस्ट सीरीज का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही बेस्ट इंडी फिल्म का अवार्ड 'जग्गी' (Jaggi) के नाम रहा।

मेलबर्न 2022 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के विजेताओं की पूरी लिस्ट देखें-

1. **बेस्ट फिल्म:** 83
2. **बेस्ट डायरेक्टर:** शूजीत सरकार (सरदार उधम) और अपर्णा सेन (द रेपिस्ट)
3. **बेस्ट एक्टर:** रणवीर सिंह (83)
4. **बेस्ट एक्ट्रेस:** शेफाली शाह (जलसा)
5. **बेस्ट सीरीज:** मुंबई डायरीज 26/11
6. **एक सीरीज में बेस्ट एक्टर:** मोहित रैना (मुंबई डायरीज 26/11)
7. **एक सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस:** साक्षी तंवर (माई)
8. **बेस्ट इंडी फिल्म:** जग्गी
9. **सबकॉन्टिनेंटल की बेस्ट फिल्म:** जॉयलैंड
10. **लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड:** कपिल देव
11. **सिनेमा पुरस्कार में डिसरप्टर्स:** वाणी कपूर (चंडीगढ़ करे आशिकी)
12. **सिनेमा पुरस्कार में इक्वालिटी:** जलसा
13. **सिनेमा पुरस्कार में लीडरशिप:** अभिषेक बच्चन

पीएम मोदी ने अगले 25 साल के लिए 'पंच प्राण' लक्ष्य की घोषणा की

पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक मौके पर लाल किले से देश को 5 प्रण दिलाए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 25 सालों में जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक हमें इन संकल्पों को पूरा करना है। उन्हों कहा कि मुझे लगता है कि आने वाले 25 सालों के लिए हमें अपने संकल्पों को 5 आधारों पर केंद्रित करना होगा। हमें उन पंच प्रण को लेकर 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तो आजादी के दीवानों के सपनों को पूरा करना होगा।

पंच प्रण क्या हैं?

पहला प्रण - विकसित भारत का लक्ष्य, दूसरा प्रण - गुलामी के हर अंश से मुक्ति, तीसरा प्रण - अपनी विरासत पर गर्व करना, चौथा प्रण - एकता और एकजुटता और पांचवां प्रण - नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होना।

आने वाले 25 साल के लिए हमें उन पंच प्राण पर अपनी शक्ति को केंद्रित करना होगा। 2047 जब आजादी के 100 साल होंगे, आजादी के दिवानों के सारे सपने पूरे करने का जिम्मा उठाकर चलना होगा। पीएम ने कहा कि हम जीव में भी शिव देखते हैं, हम वो लोग हैं जो नर में नारायण देखते हैं, हम वो लोग हैं जो नारी को नारायणी कहते हैं, हम वो लोग हैं जो पौधे में परमात्मा देखते हैं। ये हमारा सामर्थ्य है, जब विश्व के सामने खुद गर्व करेंगे तो दुनिया करेगी।

प्रभात जयसूर्या और एम्मा लैंब आईसीसी के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

श्रीलंका के नये स्पिनर प्रभात जयसूर्या और इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला एम्मा लैंब को जुलाई महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है।

प्रभात जयसूर्या ही क्यों?

पुरुष वर्ग में 30 साल के जयसूर्या ने इंग्लैंड के बल्लेबाज और जून में महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुने गये जॉनी बेयरस्टो और फ्रांस के युवा खिलाड़ी गुस्ताव मैककॉन को पछाड़कर यह खिताब हासिल किया। जुलाई के महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे और आखिरी मैच में पदार्पण करते हुए जयसूर्या ने श्रीलंका को यादगार जीत दिलाई थी। उन्होंने इस मैच में 12 विकेट चटकाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट झटके।

एम्मा लैम्ब क्यों?

महिलाओं के वर्ग में 24 साल की लैंब को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला। उन्होंने इस श्रृंखला में एक शतक और दो अर्धशतक की मदद से 234 रन बनाए। लैंब ने इस पुरस्कार के लिए हमवतन नैट स्किवर और भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को पछाड़ा।

पिछले महीने के आईसीसी पुरुष खिलाड़ी:

जनवरी 2022: कीगन पीटरसन (दक्षिण अफ्रीका)
फरवरी 2022: श्रेयस अय्यर (भारत)
मार्च 2022: बाबर आजम (पाकिस्तान)
अप्रैल 2022: केशव महाराज (दक्षिण अफ्रीका)
मई 2022: एंजेलो मैथ्यूज (श्रीलंका)
जून 2022: जॉनी बेयरस्टो (इंग्लैंड)

पिछले महीने की आईसीसी महिला खिलाड़ी

जनवरी 2022: हीथर नाइट (इंग्लैंड)
फरवरी 2022: अमेलिया केर (न्यूजीलैंड)
मार्च 2022: राचेल हेन्स (ऑस्ट्रेलिया)
अप्रैल 2022: एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया)
मई 2022: तुबा हसन (पाकिस्तान)
जून 2022: मैरिज़ान कप (दक्षिण अफ्रीका)

जस्टिस उदय उमेश ललित बने भारत के 49वें प्रधान न्यायाधीश

जस्टिस उदय उमेश ललित भारत के 49वें प्रधान न्यायाधीश बने। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने जस्टिस ललित को प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। जस्टिस एनवी रमणा के सेवानिवृत होने के बाद जस्टिस ललित भारत के नए प्रधान न्यायाधीश बने हैं।
जस्टिस ललित दूसरे ऐसे प्रधान न्यायाधीश हैं जो वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश बने और फिर सीजेआइ बने हैं। इससे पहले जस्टिस एसएम सीकरी वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट जज बने थे और 1971 में भारत के प्रधान न्यायाधीश नियुक्त हुए थे।

जस्टिस यूयू ललित के बारे में

- जस्टिस यूयू ललित के दादा रंगनाथ ललित भारत की आजादी से बहुत पहले सोलापुर में एक वकील थे।
- जस्टिस यूयू ललित (CJI UU Lalit) ने न्यायपालिका (Judiciary) के प्रमुख के रूप में अपने 74 दिनों के कार्यकाल के दौरान तीन क्षेत्रों पर काम करेंगे।
- उन्होंने कहा कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे कि सुप्रीम कोर्ट में कम से कम एक संविधान पीठ साल भर काम करे।
- जस्टिस उदय उमेश ललित (Justice UU Lalit) क्रिमिनल लॉ के स्पेशलिस्ट हैं।
- उन्हें 13 अगस्त 2014 को सीधे बार से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।
- इसके बाद उन्हें मई 2021 में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।
- वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सभी 2G मामलों में CBI के पब्लिक प्रोसिक्यूटर के रूप में ट्रायल्स में हिस्सा ले चुके हैं।

सुनील छेत्री साल का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर, मनीषा बेस्ट महिला फुटबॉलर

दुनिया के बेहतरीन फुटबॉलर में शामिल और भारत की तरफ से सबसे ज्यादा गोल करने वाले टीम इंडिया के कप्तान सुनील छेत्री का लोहा पूरी दुनिया मानती है। उनकी कप्तानी में टीम ने बड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सीजन में भी उनका खेल शानदार रहा है। टीम को उन्होंने कई अहम मुकाबले में अपने शान खेल की बदौलत जीत दिलाई।

मुख्य बिंदु

- राष्ट्रीय टीम के कप्तान सुनील छेत्री को 2021-22 सत्र के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर चुना गया जबकि महिला वर्ग में मनीषा कल्याण को यह सम्मान मिला।
- छेत्री को सातवीं बार यह पुरस्कार मिला जबकि मनीषा पहली बार इस पुरस्कार के लिए चुनीं गईं। छेत्री और मनीषा को राष्ट्रीय टीम के उनके कोच क्रमश: इगोर स्टिमक और थामस डेनरबी ने विजेता नामित किया।

- सक्रिय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच तीसरे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी छेत्री को 2007 में पहली बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। उन्होंने इसके बाद 2011, 2013, 2014, 2017 और 2018-19 सत्र में भी यह पुरस्कार जीता।
- सुनील पांच गोल के साथ हमारे सर्वोच्च गोल करने वाले खिलाड़ी थे और सैफ कप में उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में तीन मैच में चार गोल किए।
- मनीषा को पहली बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबालर चुना गया। उन्होंने 2020-21 सत्र में साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबालर का पुरस्कार जीता था।
- अन्य पुरस्कारों में मार्टिना थोकचोम को 2021-22 के लिए सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई महिला फुटबालर चुना गया जबकि पुरुष वर्ग मे यह पुरस्कार विक्रम प्रताप सिंह की झोली में गया।

Fortune Global 500 List: एलआईसी फॉर्च्यून 500 सूची में शामिल

हाल में सूचीबद्ध जीवन बीमा निगम (एलआईसी) फॉर्च्यून ग्लोबल 500 की ताजा सूची में शामिल है। वहीं इस सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 51 स्थान की छलांग लगाई है। वहीं, एलआईसी 97.26 अरब डॉलर के राजस्व और 55.38 करोड़ डॉलर के लाभ के साथ देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। हाल में जारी फॉर्च्यून 500 सूची में एलआईसी को 98वां स्थान मिला। यह सूची में एलआईसी का पहला आउटिंग है, जो सूचीबद्ध कंपनियों को बिक्री के आधार पर रैंक करता है।

सूची में रैंकिंग वाली भारतीय कंपनियां:

- एलआईसी 97.26 अरब डॉलर के राजस्व और 55.38 करोड़ डॉलर के लाभ के साथ देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। हाल में जारी फॉर्च्यून 500 सूची में एलआईसी को 98वां स्थान मिला।
- दूसरी तरफ 2022 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज 51 स्थान की छलांग लगाकर 104वें स्थान पर पहुंच गई।
- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) 28 स्थान की बढ़त के साथ 142वें स्थान पर पहुंच गई। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) 16 स्थान चढ़कर 190 पर है।
- इस सूची में टाटा समूह की दो कंपनियां- टाटा मोटर्स (370वें स्थान पर) और टाटा स्टील (435वें स्थान पर) हैं।
- राजेश एक्सपोर्ट्स सूची में 437वें स्थान के साथ एक अन्य निजी भारतीय कंपनी है।
- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 17 पायदान चढ़कर 236वें स्थान पर और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड 19 पायदान चढ़कर 295वें स्थान पर है।

रैंकिंग कैसे तय होती है

फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में कंपनियों को 31 मार्च, 2022 को या उससे पहले समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में मिले कुल राजस्व के आधार पर रैंक दी गई है।

Ramsar Sites: भारत के 10 और स्थल रामसर सूची में शामिल

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के पास अब अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों की संख्या सबसे अधिक है तथा 10 और भारतीय स्थलों के रामसर सूची में शामिल होने से इनकी कुल संख्या 64 हो गई है। रामसर सूची का उद्देश्य आर्द्रभूमियों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विकसित करना और इसे सुरक्षित रखना है, जो इनके पारिस्थितिकी तंत्र घटकों, प्रक्रियाओं और लाभों के संरक्षण के जरिए वैश्विक जैविक विविधता की सुरक्षा तथा मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।
सूची में शामिल किए गए 10 नए स्थलों में से तमिलनाडु के छह और गोवा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश तथा ओडिशा का एक-एक स्थल शामिल है। ये आर्द्रभूमि स्थल देश में 12,50,361 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हैं। रामसर ईरान में स्थित वह स्थान है, जहाँ 1971 में अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे।

इन 10 नामों को सूची में मिली जगह

क्रमांक	आर्द्रभूमि का नाम	हेक्टेयर में क्षेत्रफल	राज्य
1	कोंथनकुलम पक्षी अभयारण्य	72.04	तमिलनाडु
2	सतकोसिया गॉर्ज	98196.72	ओडिशा
3	नंदा झील	42.01	गोवा
4	मन्नार की खाड़ी समुद्री जीवमंडल रिजर्व	52671.88	तमिलनाडु
5	रंगनाथिट्टू पक्षी अभयारण्य	517.70	कर्नाटक
6	वेम्बन्नूर वेटलैंड कॉम्प्लेक्स	19.75	तमिलनाडु
7	वेलोड पक्षी अभयारण्य	77.19	तमिलनाडु
8	सिरपुर आर्द्रभूमि	161	मध्यप्रदेश
9	वेदान्थंगल पक्षी अभयारण्य	40.35	तमिलनाडु
10	उदयमर्थनपुरम पक्षी अभयारण्य	43.77	तमिलनाडु

RBI Monetary Policy Review: आरबीआई ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक बार फिर से रेपो रेट बढ़ाने (RBI Repo Rate Hike) का घोषणा कर दिया है। इस बार आरबीआई ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। 4.90 फीसद से बढ़कर अब रेपो रेट 5.40 फीसद हो गया है। मई में रेपो दर में अप्रत्याशित 40-बेसिस पॉइंट्स और जून में 50 आधार अंकों की वृद्धि के बाद RBI द्वारा की गई यह तीसरी वृद्धि है।
बता दें कि पिछली बार हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट बढ़ाने का फैसला लिया गया था। मई महीने में हुई एमपीसी की बैठक में रेपो रेट को 50 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर 4.90 प्रतिशत कर दिया गया था। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बयान जारी कर बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी का फैसला किया है। इस फैसले के बाद अब रेपो रेट 4.90 फीसद से बढ़कर 5.4 फीसद हो गया है।

विभिन्न दरें निम्नानुसार हैं:

- पॉलिसी रेपो दर: 5.40%
- स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ): 5.15%
- सीमांत स्थायी सुविधा दर: 5.65%
- बैंक दर: 5.65%
- फिक्स्ड रिवर्स रेपो रेट: 3.35%
- सीआरआर: 4.50%
- एसएलआर: 18.00%

मौद्रिक नीति के कुछ महत्वपूर्ण उपकरण:

आरबीआई की मौद्रिक नीति में कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साधन हैं जिनका उपयोग मौद्रिक नीति को लागू करने के लिए किया जाता है। मौद्रिक नीति के कुछ महत्वपूर्ण उपकरण इस प्रकार हैं:

रेपो दर:

यह वह (निश्चित) ब्याज दर है जिस पर बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के संपार्श्विक के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक से रातोंरात तरलता उधार ले सकते हैं।

रिवर्स रेपो रेट:

यह (निश्चित) ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिजर्व बैंक एलएएफ के तहत पात्र सरकारी प्रतिभूतियों के संपार्श्विक के खिलाफ रातोंरात आधार पर बैंकों से तरलता को अवशोषित कर सकता है।

चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ):

एलएएफ के तहत रात भर के साथ-साथ मीयादी रेपो नीलामियां भी होती हैं। रेपो टर्म इंटर-बैंक टर्म मनी मार्केट के विकास में मदद करता है। यह बाजार ऋण और जमा के मूल्य निर्धारण के लिए मानक निर्धारित करता है। यह मौद्रिक नीति के प्रसारण में सुधार करने में मदद करता है। बाजार की उभरती परिस्थितियों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक परिवर्तनीय ब्याज दर रिवर्स रेपो नीलामी भी आयोजित करता है।

सीमांत स्थायी सुविधा (MSF):

एमएसएफ एक ऐसा प्रावधान है जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक से रातोंरात धन की अतिरिक्त राशि उधार लेने में सक्षम बनाता है। बैंक अपने वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) पोर्टफोलियो में एक सीमा तक ब्याज की दंडात्मक दर पर डुबकी लगाकर ऐसा कर सकता है। इससे बैंकों को उनके सामने आने वाले अप्रत्याशित चलनिधि झटकों को बनाए रखने में मदद मिलती है।

एंजेला मर्केल ने शरणार्थियों के स्वागत के प्रयास के लिए जीता यूनेस्को शांति पुरस्कार

पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल को शरणार्थियों का स्वागत करने के उनके प्रयासों के लिए 2022 के यूनेस्को शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जूरी के अध्यक्ष और 2018 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता डेनिस मुकवेगे ने कहा, जूरी के सभी सदस्य 2015 में सीरिया, इराक, अफगानिस्तान और इरिट्रिया से 1.2 मिलियन से अधिक शरणार्थियों का स्वागत करने के उनके साहसी निर्णय से प्रभावित हुए थे। यह वह विरासत है जिसे उन्होंने छोड़ दिया है। सम्मान का नाम आइवरी कोस्ट के पूर्व राष्ट्रपति के नाम पर रखा गया है। आधिकारिक तौर पर फेलिक्स हौफौएट-बोगेन-यूनेस्को शांति पुरस्कार कहा जाता है। यह 1989 से प्रत्येक वर्ष उन व्यक्तियों, संगठनों या संस्थानों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने, शोध करने या सुरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। चांसलर के रूप में चार बार सेवा देने के बाद पिछले साल राजनीति छोड़ चुकीं मर्केल को यह पुरस्कार कब दिया जाएगा, यह अभी तय नहीं हुआ है।

National Sports Day 2022: राष्ट्रीय खेल दिवस का इतिहास और महत्व

भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। 29 अगस्त को मनाने का कारण यह है कि इस दिन भारत के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यान चन्द कुशवाहा का जन्म हुआ था। मेजर ध्यान चन्द को हॉकी का जादूगर कहा जाता है। उन्होंने हॉकी खेल में भारत का नाम ऊँचा किया था, इस लिए इनके जन्म दिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

खेल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शैक्षिक और सार्वजनिक संस्थानों में खेल आयोजन आयोजित किए जाते हैं और यह कैसे किसी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राष्ट्रपति इस दिन भारत के राष्ट्रपति भवन में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार सहित खेल से संबंधित प्रमुख पुरस्कार प्रदान करते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व

राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की विरासत का सम्मान करने और हमारे जीवन में खेल के महत्व को स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है। जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार आदि सरकार द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

जानें मेजर ध्यानचंद के बारे में

मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था और वह अपने समय के महान हॉकी खिलाड़ी थे। उन्हें हॉकी खिलाड़ी के स्टार या "हॉकी का जादूगर" के रूप में जाना जाता था, क्योंकि उनकी अवधि के दौरान, उनकी टीम ने वर्ष 1928, 1932 और 1936 के दौरान ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। उन्होंने 1926 से 1949 तक 23 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेली. उन्होंने अपने करियर में कुल 185 मैच खेले और 570 गोल किए।

67th Filmfare Awards 2022: विजेताओं की पूरी सूची देखें

द टाइम्स ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 67वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में 2021 की सर्वश्रेष्ठ भारतीय हिंदी भाषा की फिल्मों को सम्मानित किया गया। जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित 67वें फिल्मफेयर अवार्ड्स में 2021 में रिलीज हुई फिल्मों को सम्मानित किया गया। फिल्मफेयर के संपादक द्वारा आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रिका, जितेश पिल्लई ने शीर्षक प्रायोजक के रूप में Wolf777news का खुलासा किया। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अर्जुन कपूर को सह-मेजबान के रूप में घोषित किया गया।

67वें फिल्मफेयर अवार्ड्स 2022 में बड़ी जीत हासिल करने वाली बॉलीवुड हस्तियों की पूरी सूची देखें:

लोकप्रिय पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म: शेरशाह (धर्मा प्रोडक्शंस)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: विष्णुवर्धन (शेरशाह)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: रणवीर सिंह (83) कपिल देव के रूप में
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: मिमी राठौर के रूप में कृति सनोन, मिमी
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता: पंकज त्रिपाठी (मिमी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री: साई तम्हंकर (मिमी)

पदार्पण पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ पुरुष पदार्पण: एहान भट्ट ('99 गाने')
- सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण: शरवरी वाघ - बंटी और बबली 2 सोनिया रावत / जैस्मीन "जैज़" के रूप में
- बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर: सीमा पाहवा- रामप्रसाद की तहरवीक

लेखन पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ कहानी: अभिषेक कपूर, सुप्रतीक सेन और तुषार परांजपे (चंडीगढ़ करे आशिकी)
- सर्वश्रेष्ठ पटकथा: शुभेंदु भट्टाचार्य और रितेश शाह (सरदार उधम)
- सर्वश्रेष्ठ संवाद: दिबाकर बनर्जी और वरुण ग्रोवर (संदीप और पिंकी फरार)

संगीत पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक: तनिष्क बागची, बी प्राक, जानी, जसलीन रॉयल, जावेद-मोहसिन और विक्रम मोंट्रोस (शेरशाह)
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार: कौसर मुनीर - "लहरा दो" (83)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (पुरुष): बी प्राक - "मन भार्या" (शेरशाह)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला): असीस कौर - "रतन लांबिया" (शेरशाह)

आलोचकों का पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म (सर्वश्रेष्ठ निर्देशक): शूजीत सरकार (सरदार उधम)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: विक्की कौशल - उधम सिंह के रूप में सरदार उधम
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: विद्या बालन - शेरनी विद्या विंसेंट के रूप में

विशेष पुरस्कार

- फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड: सुभाष घई

तकनीकी पुरस्कार

- सर्वश्रेष्ठ संपादन: ए श्रीकर प्रसाद (शेरशाह)
- बेस्ट प्रोडक्शन डिज़ाइन: मानसी ध्रुव मेहता और दिमित्री मलिक (सरदार उधम)
- सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी: विजय गांगुली - "चाका चक" (अतरंगी रे)
- सर्वश्रेष्ठ छायांकन: अविक मुखोपाध्याय (सरदार उधम)
- बेस्ट साउंड डिज़ाइन: दीपांकर चाकी, निहार रंजन सामल (सरदार उधम)
- बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर: शांतनु मोइत्रा (सरदार उधम)
- बेस्ट कॉस्ट्यूम डिज़ाइन: वीरा कपूर ईई (सरदार उधम)
- सर्वश्रेष्ठ एक्शन: स्टीफन रिक्टर, सुनील रॉड्रिक्स (शेरशाह)
- बेस्ट स्पेशल इफेक्ट्स: वीएफएक्सवाला, एडिट एफएक्स स्टूडियो (सरदार उधम)

Banking and Financial Current Affairs

- जारी एक सर्कुलर में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सभी पक्षों को - कार्ड नेटवर्क और कार्ड जारी करने वालों को छोड़कर - 1 अक्टूबर, 2022 तक सभी पहले से संग्रहीत कार्ड-ऑन-फाइल (CoF) डेटा को हटाने का निर्देश दिया। आपको बता दें कि कार्ड टोकनाइजेशन (Card Tokenization) प्रणाली के तहत बैंकों को यह डेटा ट्रांजेक्शन के तुरंत बाद डिलीट करना पड़ जाता था। (Click here to read complete article)
- RBI ने स्पंदना स्पूर्ति पर 2.33 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। स्पंदना स्फूर्ति के मामले में, RBI ने कहा कि यह कार्रवाई नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों-माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशन के क्रेडिट के मूल्य निर्धारण से जुड़े दिशानिर्देशों को पालन करने में कंपनी की विफलता को लेकर हुई है। **(**Click here to read complete article**)**
- भारत के अग्रणी सहकारी बैंकों में से एक एसवीसी को ऑपरेटिव-(बैंक एसवीसी) लिमिटेड बैंक, और भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वित्तीय शीर्ष की देश लिए के (एमएसएमई) संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक का ज्ञापन-करार ने (सिडबी) की। घोषणा की भागीदारी कर निष्पादन एसवीसी बैंक के एमडी आशीष सिंघल और सिडबी के जीएम संजीव गुप्ता ने सौदे पर हस्ताक्षर किए। 115 से अधिक वर्षों के लिए, एसवीसी बैंक ने एमएसएमई के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में कार्य किया है। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक)SBI) ने एक नामक "योजना जमा उत्सव" जमा सावधि इस है। किया शुरू कार्यक्रम जमा सावधि अनूठा लिए के समय सीमित केवल यह और हैं दरें ब्याज उच्च में योजना के आजादी की देश कार्यक्रम यह है। उपलब्ध 76 वें वर्ष के अवसर पर पेश किया गया है, जिसे आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने बुधवार को एक लाइफस्टाइल-खाता वेतन कॉर्पोरेट केंद्रित, कोटक क्रीम लॉन्च करने की घोषणा की, जो प्रतिष्ठित कॉरपोरेट्स के साथ काम करने वाले नए जमाने के पेशेवरों को एक उन्नत बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है। कोटक बैंक के प्रमुख प्रीमियम बैंकिंग कार्यक्रम, प्रिवी लीग के डिजाइन के मूल में, कोटक क्रेम अकाउंट जीवन शैली, यात्रा, स्वास्थ्य देखभाल, भोजन, कौशल और सीखने के अनुभवों में कई विशेषाधिकारों और पुरस्कारों के साथ आएगा। **(**Click here to read complete article**)**
- एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने ब्रिटेन के पेमेंट्स सॉल्यूशंस प्रोवाइडर पेएक्सपर्ट (PayXpert) के साथ समझौता किया है। NIPL वास्तव में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी कंपनी है, जिसने विश्व के सबसे बड़े रियल टाइम पेमेंट सॉल्यूशन - यूनिफायड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) और RuPay कार्ड योजना को विकसित किया है। (Click here to read complete article)

- पूंजी बाजार नियामक सेबी 'अकाउंट एग्रीगेटर' ढांचे का हिस्सा बन गया जिससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमन वाले वित्तीय आंकड़ों को साझा करने वाली प्रणाली को मजबूती मिलेगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के खाता एग्रीगेटर ढांचे में शामिल होने से उपभोक्ताओं को अपने म्यूचुअल फंड एवं स्टॉक होल्डिंग के बारे में जानकारी वित्तीय सेवा प्रदाताओं के साथ साझा करने में सहूलियत होगी। (Click here to read complete article)
- अडाणी ग्रुप ने परोक्ष तरीके से नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीद ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी ग्रुप एनडीटीवी की 55.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदना चाहता है। यही वजह है कि 26 फीसदी हिस्सेदारी और खरीदने के लिए उसने 294 करोड़ रुपये में एक ओपन ऑफर जारी किया है, जिसका फेस वेल्यू 4 रुपये है। (Click here to read complete article)
- एचपीसीएल ने हरित ऊर्जा और पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रतिबद्धता की दिशा में एक उत्कृष्ट कदम के तहत राजस्थान के सांचोर में गोबर से संपीड़ित बायोगैस परियोजना की शुरुआत की। यह अपशिष्ट से ऊर्जा पोर्टफोलियो के तहत एचपीसीएल की पहली परियोजना होगी। बायोगैस का उत्पादन करने के लिए संयंत्र में हर दिन 100 टन गोबर का उपयोग करने का प्रस्ताव है, जिसका ऑटोमोबाइल ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इस परियोजना को एक साल की अवधि में चालू करने का प्रस्ताव है। (Click here to read complete article)
- डिजिटल एस्क्रो प्लेटफॉर्म कैसलर ने बैंक के ग्राहकों को डिजिटल एस्क्रो सेवाएं प्रदान करने के लिए यस बैंक के साथ करार किया है। कैसलर व्यक्तियों और उद्यमों के लिए एक वैश्विक डिजिटल एस्क्रो प्लेटफॉर्म है, जो घरेलू और सीमा पार एस्क्रो समाधान पेश करता है। (Click here to read complete article)
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) इस साल के अंत तक डिजिटल रुपया सीबीडीसी (सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी) को जारी कर सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए बजट के दौरान अपने भाषण इस डिजिटल करेंसी को जारी करने का ऐलान किया था। उन्होंने इस डिजिटल करेंसी को चाले वित्त वर्ष 2022-23 में ही पेश करने की बात कही थी। बताया यह भी जा रहा है कि डिजिटल करेंसी सीबीडीसी (CBDC) को सबसे पहले थोक कारोबार के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- केरल स्थित फेडरल बैंक, आयकर विभाग के टिन 2.0 मंच पर अपने 'पेमेंट गेटवे' मंच को सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक बन गया है। 'पेमेंट गेटवे' एक एप्लीकेशन है, जिसके माध्यम से ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया आसान हो जाती है। टिन 2.0 मंच इस साल एक जुलाई से शुरू हुआ था। यह 'पेमेंट गेटवे' के जरिए करदाताओं को एक और भुगतान विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, एनईएफटी/आरटीजीएस और इंटरनेट बैंकिंग जैसे माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकते हैं। **(Click here to read complete article)**
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने अब पुणे स्थित रुपया को-ऑपरेटिव बैंक (Rupee Co-operative Bank Ltd) का लाइसेंस कैंसिल कर दिया है। यह आदेश आज से छह सप्ताह के बाद यानी 22 सितंबर 2022 प्रभावी होगा। RBI ने आज बुधवार को कहा, केन्द्रीय बैंक मुंबई हाई कोर्ट के 12 सितंबर 2017 के आदेश का पालन करते हुए पुणे स्थित इस सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर रहा है। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) दो और वर्षों के लिए बांग्लादेश में भारतीय वीज़ा आवेदन केंद्र (IVAC) का प्रबंधन करेगा। संचालन को दो और वर्षों के लिए विस्तारित करने के समझौते पर एसबीआई और ढाका में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों के बीच हस्ताक्षर किए गए। आईवीए सी जल्द ही कुछ अतिरिक्त सेवाएं भी शुरू करेगा जिसमें ऑनलाइन फॉर्म भरने और फॉर्म जमा करने, स्लॉट बुकिंग और मोबाइल ऐप लॉन्च करने की सुविधा शामिल है। ढाका में आईवीएसी केंद्र में एक प्राथमिकता लाउंज का भी उद्घाटन किया गया। **(Click here to read complete article)**
- केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड में चार स्वतंत्र निदेशकों को पुन: नियुक्त किया है। इनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक एस गुरुमूर्ति और सहकारिता आंदोलन के दिग्गज सतीश के मराठे शामिल हैं। यह जानकारी केंद्रीय बैंक ने बयान में दी। (Click here to read complete article)

Economy Current Affairs

- जीएसटी कलेक्शन जुलाई के लिए लगातार पांचवें महीने 1.4 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा। जुलाई 2022 के महीने में ग्रास जीएसटी रेवेन्यू 1,48,995 करोड़ किया गया, जो गुड्स और सर्विस टैक्स की शुरुआत के बाद से अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई के रेवेन्यू का आंकड़ा पिछले साल के इसी महीने के 1,16,393 करोड़ रुपये के रेवेन्यू से 28 फीसद अधिक है। (Click here to read complete article)
- सब्जी, खाद्य तेल जैसे खाद्य उत्पादों के सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में नरम होकर 6.71 प्रतिशत पर आ गयी। हालांकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6.0 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। सब्जी और खाद्य तेल तथा अन्य जिंसों के दामों में गिरावट आने के बावजूद खुदरा मुद्रास्फीति ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। ऐसी स्थिति में आरबीआई सितंबर के अंत में प्रस्तावित मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में एक और वृद्धि कर सकता है। (Click here to read complete article)
- भारत 2028-29 तक पांच ट्रिलियन की डॉलर (अरब हजार पांच) है सकता बन अर्थव्यवस्था, बशर्ते अगले पांच वर्षों में जीडीपी लगातार नौ प्रतिशत की दर से बढ़े। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने यह विचार व्यक्त किये। भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कॉमर्स ऑफ चैंबर तेलंगाना ऑफ फेडरेशन' आफ रेट द एट इंडिया ऑन इंडस्ट्री एंड 75- मार्चिंग 5 ट्रिलियन इकोनॉमीलिए के भारत कि कहा उन्होंने पर विषय ' 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के सपने को हासिल करने के लिए आठ प्रमुख चुनौतियां हैं। (Click here to read complete article)

- पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में अगले साल अप्रैल से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के साथ पेट्रोल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। आयात पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण मुद्दों के समाधान के लिये इसकी आपूर्ति आगे बढ़ायी जाएगी। उन्होंने कहा कि साल 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल होगा। (Click here to read complete article)
- मैंगलुरु स्थित कर्नाटक बैंक ने आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में एक नई सावधि जमा योजना शुरू की है। नई योजना को एसीसी और सावधि जमा श्रेणी के तहत केबीएल अमृत समृद्धि कहा जाएगा। बैंक 75 सप्ताह (525 दिन) के कार्यकाल के साथ जमा योजना पर 6.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। (Click here to read complete article)
- खाद्य वस्तुओं और विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर 13.93 प्रतिशत पर आ गई। थोक मूल्य सूचकांक आधारित पर (डब्ल्यूपीआई) महीने पिछले इससे मुद्रास्फीति 15.18 फीसदी और मई में 15.88 फीसदी की रिकॉर्ड ऊंचाई पर थी। यह पिछले साल जुलाई में 11.57 फीसदी थी। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक पर तौर खास लिए के स्टार्टअप ने (एसबीआई) के एसबीआई है। खोली में बेंगलुरु शाखा पहली अपनी समर्पित अनुसार, बेंगलुरु के कोरमंगला में स्थित यह शाखा शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने तक स्टार्टअप कंपनियों की स्थापना के शुरुआती चरण में उद्यमियों को वित्तीय समर्थन देगी। (Click here to read complete article)
- नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) और अटल पेंशन योजना (APY) के खाताधारकों के लिए राहत की खबर है। दरअसल, पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए (PFRDA) की दो पेंशन योजनाओं के अंशधारक अब यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई (UPI) के जरिए भी अपना अंशदान कर पाएंगे। अभी तक नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) और अटल पेंशन योजना (APY) के खाताधारक अपने स्वैच्छिक अंशदान को आईएमपीएस/ एनईएफटी/ आरटीजीएस का इस्तेमाल कर नेटबैंकिंग खाते के जरिए सीधे भेज सकते थे, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। (Click here to read complete article)
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की सीमा में 50,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी करके उसे 4.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच लाख करोड़ करने को मंजूरी दे दी है। यह अतिरिक्त राशि विशेष रूप से आतिथ्य (हास्पिटैलिटी) और उससे संबंधित क्षेत्रों के उद्यमों के लिए निर्धारित की गई है। (Click here to read complete article)
- बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा परिवेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी से लैस नवोन्मेषी समाधान विकसित करने के लिए कंपनियों को आमंत्रित किया है। इरडा ने ये आवेदन पहले हैकाथन ‘बीमा मंथन 2022’ के लिए आमंत्रित किए हैं जिसकी थीम ‘बीमा में नवोन्मेष’ है। (Click here to read complete article)
- एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank) ने लोगों में सुरक्षित बैंकिंग की आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान का नाम होगा ‘विजिल आंटी’ (Vigil Aunty). बैंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि टेलीविजन पर ‘लोला कुट्टी’ (Lola Kutty) का लोकप्रिय किरदार निभाने वाली अनुराधा मेनन ‘विजिल आंटी’ अभियान का चेहरा होंगी। (Click here to read complete article)
- एक्सिस बैंक ने “अल्टिमा सैलरी पैकेज” के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के साथ एक समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। अल्टिमा सैलरी पैकेज, सर्वोत्तम कोटि का सैलरी अकाउंट है और इस समझौते से, भारतीय खाद्य निगम के सभी कर्मचारियों को विशेष लाभ और सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। इस करार के साथ, बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मचारियों को समग्र बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। (Click here to read complete article)
- एडलवाइस म्यूचुअल फंड 24 अगस्त को भारत की पहली स्कीम लॉन्च करने वाली है, जो सिंगल फंड के जरिए सोने और चांदी में निवेश की पेशकश करेगी। एडलवाइस गोल्ड एंड सिल्वर ईटीएफ फंड ऑफ फंड)FoF) के लिए नया फंड ऑफर)NFO) 7 सितंबर को बंद होगा। स्कीम के लिए फंड के मैनेजर भावेश जैन और भरत लाहोटी हैं। भारत का पहला गोल्ड फंड, निप्पॉन इंडिया ईटीएफ गोल्ड BEES, मार्च 2007 में लॉन्च किया गया था, जबकि सिल्वर का म्यूचुअल फंड पहली बार इस साल जनवरी में पेश किया गया। (Click here to read complete article)
- आईसीआरए (ICRA) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दोहरे अंकों में 13 प्रतिशत पर बढ़ने की उम्मीद है। एक तरफ जहां पूरी दुनियां मंदी की आशंका से जूझ रही हैं ऐसे में यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत की खबर है। (Click here to read complete article)

Business Current Affairs

- अमेज़न इंडिया ने देश में अपनी डिलीवरी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेलवे के साथ करार किया है। अमेजन इंडिया ने 110 से अधिक की सामान अपने तक ग्राहकों पर मार्ग 'इंटरसिटी' कंपनी है। मिलाया हाथ साथ के रेलवे भारतीय लिए के डिलिवरी भीतर के दिन दो से एक को ग्राहकों कि कहा में बयान जारी ने के करने सुनिश्चित डिलिवरी की सामान उनके लिए उसने यह समझौता किया है। अमेज़ॅन ने 2019 में भारतीय रेलवे के साथ काम करना शुरू किया। (Click here to read complete article)
- रतन टाटा ने वरिष्ठ नागरिकों को सेवा के रूप में सहयोग प्रदान करने वाले स्टार्टअप गुडफेलोज में निवेश की घोषणा की। टाटा समूह से सेवानिवृत्त होने के बाद से रतन टाटा स्टार्टअप के सक्रिय समर्थक रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं और शिक्षित स्नातकों को सार्थक सहयोग के लिए जोड़कर बुजुर्गों की मदद करना है। पिछले छह महीनों में, 'गुडफेलो' ने एक सफल बीटा पूरा कर लिया है और अब यह मुंबई और जल्द ही पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु में उपलब्ध होगा।. (Click here to read complete article)
- एचडीएफसी ने उत्तरी केरल क्षेत्र में कोझीकोड में अपनी पहली महिला शाखा खोली है। जिले में व्यापारियों के गढ़ चेरूट्टी रोड स्थित इस शाखा में 4 महिला बैंकर होंगी। यहां एक बयान में कहा गया है कि यह बैंक द्वारा दक्षिण भारत में खोली गई सभी महिला शाखाओं को जोड़ता है और विविधता और समावेश के बैंक के निहित मूल्यों को आगे बढ़ाता है। (Click here to read complete article)
- अमेरिकन एक्सप्रेस पर लगी पाबंदियों को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हटा दिया है। अब अमेरिकन एक्सप्रेस अपने कार्ड नेटवर्क पर नए घरेलू ग्राहक जोड़ सकेगी। आरबीआइ ने कहा कि अमेरिकन एक्सप्रेस की ओर से भुगतान प्रणाली आंकड़ों के भंडारण पर निर्देशों का अनुपालन संतोषजनक पाए जाने के मद्देनजर नए घरेलू ग्राहकों को जोड़ने पर लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया है। (Click here to read complete article)
- बैंक ऋण में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 14.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के दौरान यह छह प्रतिशत बढ़ा था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में कर्ज में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। (Click here to read complete article)

International Current Affairs

- ज़िम्बाब्वे ने देश की अस्थिर मुद्रा को और खराब करने वाली भगोड़ा मुद्रास्फीति को कम करने के लिए जनता को बेचे जाने वाले सोने के सिक्के लॉन्च किए हैं। स्थानीय मुद्रा में विश्वास बढ़ाने के लिए देश के केंद्रीय बैंक, जिम्बाब्वे के रिजर्व बैंक द्वारा अभूतपूर्व कदम की घोषणा की गई थी। (Click here to read complete article)
- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने हाल ही में एक प्रस्ताव पारित किया जो स्वस्थ पर्यावरण को मानव अधिकार के रूप में मान्यता देता है। भारत ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। इस प्रस्ताव के अनुसार स्वच्छ, स्वस्थ और सतत पर्यावरण का अधिकार मानव अधिकार बन गया है। (Click here to read complete article)
- गुस्तावो पेट्रो ने कोलंबिया के पहले वामपंथी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने असमानता से लड़ने और सरकार तथा गुरिल्ला समूहों के बीच लंबे समय तक चले युद्ध से पीड़ित देश के इतिहास में अहम बदलाव लाने का वादा किया है। कोलंबिया के एम-19 गुरिल्ला समूह के पूर्व सदस्य गुस्तावो पेट्रो ने कंजर्वेटिव दलों को हराकर जून में चुनाव जीता था। पेट्रो ने गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों पर खर्च और ग्रामीण इलाकों में निवेश बढ़ाकर कोलंबिया की सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को दूर करने का वादा किया है। (Click here to read complete article)
- पापुआ न्यू गिनी की संसद ने देश में चुनाव के बाद प्रधानमंत्री जेम्स मारेप को फिर से शीर्ष पद के लिए नामित किया। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प की खबर के मुताबिक, चुनाव के बाद संसद की पहली बैठक में मारेप को अगली गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए निर्विरोध नामित किया गया। (Click here to read complete article)
- सिंगापुर का प्रतिष्ठित हरा-भरा और खुला मैदान पदांग को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाएगा। इसकी जानकारी नेशनल हेरिटेज बोर्ड ने दी है। बोर्ड ने बताया कि शहर के राष्ट्रीय दिवस पर इसे सिंगापुर का राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाएगा। गौरतलब है कि ये वही स्थान है, जहां से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में जुलाई 1943 में 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था। (Click here to read complete article)
- हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने अर्जेंटीना के रियर एडमिरल गुइलेर्मो पाब्लो रियोस को भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह (UNMOGIP) के मिशन प्रमुख और मुख्य सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। उरुग्वे के मेजर जनरल जोस एलाडियो अल्केन ने अर्जेंटीना के रियर एडमिरल गुइलेर्मो पाब्लो रियो के मिशन के प्रमुख और UNMOGIP के लिए मुख्य सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में पद छोड़ दिया, जिसका कार्य पूरा होने वाला है। (Click here to read complete article)
- मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर चाहते हैं कि वैश्विक शांति के लिए एक आयोग का गठन किया जाए जिसमें पीएम मोदी भी शामिल हों। इसके लिए वे संयुक्त राष्ट्र को एक लिखित प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रहे हैं। संभावित प्रस्ताव के मुताबिक यह आयोग पांच साल की अवधि के लिए होगा। उन्होंने आयोग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व के तीन नेताओं के नाम प्रस्तावित किए हैं। (Click here to read complete article)

- केन्या में चुनाव आयोग के अध्यक्ष ने हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति विलियम रुटो को पांच बार के दावेदार रैला ओडिंगा पर विजेता घोषित कर दिया। अध्यक्ष ने बताया कि रुटो को 71 लाख यानी कुल 50.49 प्रतिशत मत मिले, जबकि ओडिंगा को पिछले मंगलवार को हुए शांतिपूर्ण चुनाव में 69 लाख यानी 48.85 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। (Click here to read complete article)
- ब्रिटिश स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि ब्रिटेन एक द्विसंयोजक मॉडर्न कोविड बूस्टर टीकाकरण को मंजूरी देने वाला पहला देश बन गया है। इसके साथ ही ब्रिटेन पहला ऐसा देश बन गया है जिसने इस प्रकार के टीके को मंजूरी दी है। ब्रिटेन के मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने कहा कि उसने कोरोना वायरस के खिलाफ मॉडर्न टीका को मंजूरी दी क्योंकि इसे सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता के मानकों पर खरा पाया गया। (Click here to read complete article)
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव अल्केश कुमार शर्मा को इंटरनेट गवर्नेंस पर प्रख्यात विशेषज्ञों के एक पैनल में नियुक्त किया। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इंटरनेट के अग्रणी विंट सेर्फ और नोबेल पुरस्कार विजेता पत्रकार मारिया रीसा को भी 10-सदस्यीय इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईजीएफ) लीडरशिप पैनल में नियुक्त किया गया है। **(**Click here to read complete article**)**
- स्कॉटलैंड में माहवारी उत्पाद नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाने संबंधी कानून लागू हो गया है। स्कॉटलैंड सरकार ने बताया कि वह 'पीरियड प्रोडक्ट एक्ट' (माहवारी उत्पाद कानून) लागू होते ही दुनिया की पहली ऐसी सरकार बन गई है, जो मासिक धर्म संबंधी उत्पादों तक नि:शुल्क पहुंच के अधिकार की कानूनी रूप से रक्षा करती है। (Click here to read complete article)
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने परागुवे में महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने ऐतिहासिक 'कासा डी ला इंडिपेंडेंशिया' की यात्रा की, जहां से दो सदी से भी अधिक समय पहले दक्षिण अमेरिकी देश की आजादी का आंदोलन शुरू हुआ था। जयशंकर दक्षिण अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मकसद से अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले चरण पर ब्राजील पहुंचे। (Click here to read complete article)
- जर्मन अधिकारियों ने हाइड्रोजन से चलने वाली यात्री ट्रेनों का दुनिया का पहला बेड़ा लॉन्च किया, जो 15 डीजल ट्रेनों की जगह ले रहा है, जो पहले लोअर सैक्सोनी राज्य में गैर विद्युतीकृत-थीं। होती संचालित पर पटरियों सप्लाई चेन की दिक्कतों के बावजूद जर्मनी ने हरित रेल सेवा की ओर बड़ा कदम उठाया है। फ्रांस की कंपनी एल्सटॉम से मिली 14 ट्रेनों के साथ जर्मन राज्य लोअर सैक्सनी में यह सेवा शुरू की गई है। (Click here to read complete article)
- दक्षिण कोरिया ने दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर का अपना ही रिकार्ड फिर तोड़ दिया है। जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में इस देश की प्रजनन दर घटकर 0.81 रह गई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस साल प्रजनन दर और कम हो जाएगी। वर्ष 1970 से प्रजनन दर में गिरावट आ रही है। उस समय प्रजनन दर 4.53 थी। वर्ष 2000 के बाद इसमें तेजी से गिरावट आई। **(**Click here to read complete article**)**

National Current Affairs

- उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू द्वारा प्रसिद्ध लाल किले से संसद सदस्यों द्वारा एक हर घर तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ दिल्ली में किया गया था। तिरंगा बाइक रैली का आयोजन केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के सम्मान में लाल किले से विजय चौक तक बाइक रैली निकाली गई. इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल भी उपस्थित थे। **(Click here to read complete article)**
- भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' के डिज़ाइनर पिंगली वेंकैया की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमें तिरंगा देने के उनके प्रयासों के लिए हमारा देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा, जिस पर हमें बहुत गर्व है। तिरंगे से शक्ति और प्रेरणा लेते हुए, हम राष्ट्र की प्रगति के लिए कार्य करते रहेंगे। वहीं संस्कृति मंत्रालय ने दिल्ली में तिरंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पिंगली वैंकेया की याद में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया है। **(Click here to read complete article)**
- केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 2300 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले 6 नेशनल हाईवे की सौगात प्रदेशवासियों को दी है, इन नेशनल हाईवे से आवाजाही करने में प्रदेशवासियों का सफर काफी आराम दायक होगा।नितिन गडकरी ने करीब 119 किलोमीटर लंबी सड़क का लोकार्पण किया। (Click here to read complete article)
- वन्य जीवन विधेयक संशोधन (संरक्षण), 2021 को लोकसभा ने मंजूरी दे दी है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 किसी भी व्यक्ति को वन क्षेत्र या केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी ऐसे क्षेत्र से किसी भी पौधे की प्रजाति को (मृत या जीवित) तोड़ने जानबूझकर, उखाड़ने, नुकसान पहुंचाने, नष्ट करने, एकत्र करने, बेचने या स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित करता है। (**Click here to read complete article**)
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री श्री पीयूष गोयल ने आज घोषणा की कि भारत ने एक अहम पड़ाव हासिल कर लिया है, जिसके मद्देनजर देश में 75 हजार से अधिक स्टार्टहै। गया किया मान्य को अप्स-उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने (डीपीआईआईटी) 75 हजार से अधिक स्टार्टहै की प्रदान मान्यता को अप्स-, जो आजादी के 75 वर्ष होने के क्रम में मील का पत्थर है। **(Click here to read complete article)**

- फिनटेक प्लेटफॉर्म भारतपे ने कहा कि उसने एसबीआई कार्ड के पूर्व सीएफओ नलिन नेगी को अपना नया मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया है। भारतपे अपनी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग में भूमिका नई अपनी है। रहा कर तैयारी की (आईपीओ), नेगी भारतपे के लिए वित्त कार्य का प्रभार संभालेंगे और मार्च 2023 तक कंपनी ईबीआईटीडीए को सकारात्मक बनाने की दिशा में काम करेंगे। (Click here to read complete article)
- अगस्त क्रांति दिवस)August Kranti Din) या भारत छोड़ो आंदोलन)Quit India Movement) की 80वीं वर्षगांठ, जिसे हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, 8 अगस्त 2022 को मनाया जा रहा है। 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने का आह्वान किया और मुंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सत्र में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग की संचालन परिषद की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में दो बड़े नेता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल नहीं हुए। केसीआर ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि यह निर्णय तेलंगाना सहित राज्यों के खिलाफ केंद्र के कथित भेदभाव के खिलाफ उनके विरोध को चिह्नित करने के लिए है। नीतीश कुमार हाल ही में कोविड-19 से उबरे हैं। उन्होंने बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के पानीपत में 900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार दूसरी पीढ़ी (2जी) के एक एथेनॉल संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से जारी एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। (Click here to read complete article)
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभाजन के दर्द को याद करते हुए 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' (Partition Horrors Remembrance Day) मनाया। इस दौरान बीजेपी ने देश भर में मौन मार्च का आयोजन किया। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा (JP Nadda) के साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल और अन्य बीजेपी नेताओं ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर मौन मार्च में भाग लिया। (Click here to read complete article)
- दुनिया के सबसे ऊंचे पुल यानी चिनाब ब्रिज (Chenab Bridge) के गोल्डन ज्वाइंट का उद्घाटन 13 अगस्त 2022 को हो गया। इस ब्रिज का काम अब पूरा होने की कगार पर है। बताया जा रहा है कि पुल के संरचनात्मक विवरण के लिए 'टेकला' सॉफ्टवेयर का उपयोग किया गया है। बता दें कि दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्क ब्रिज का निर्माण जम्मू-कश्मीर में किया जा रहा है। वहीं 13 अगस्त को चिनाब पुल के गोल्डन ज्वाइंट (Golden Joint) का भी उद्घाटन हो गया है। (Click here to read complete article)
- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में रविवार को ग्यारह अधिवक्ताओं को न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया और इसके साथ ही इस साल विभिन्न उच्च न्यायालयों में कुल 138 न्यायाधीश नियुक्त किये गये हैं। यह जानकारी कानून मंत्रालय ने दी। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों के नाम इस प्रकार हैं- निधि गुप्ता, संजय वशिष्ठ, त्रिभुवन दहिया, नमित कुमार, हरकेश मनुजा, अमन चौधरी, नरेश सिंह, हर्ष बांगर, जगमोहन बंसल, दीपक मनचंदा और आलोक जैन। (Click here to read complete article)
- भारत सरकार ने देश में प्रौद्योगिकी आधारित सामाजिक प्रभाव नवाचारों और समाधानों को लागू करने के लिए उद्योग और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए "मंथन" मंच का अनावरण किया। देश के भीतर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों को सक्षम और सशक्त बनाने के विज़न के दायित्व का वहन करने वाले भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय ने मंथन मंच के शुभारंभ की घोषणा की है। (Click here to read complete article)
- भारत में पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की मांग 2022 में 7.73 प्रतिशत बढ़ सकती है। यह दुनिया के किसी भी देश की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ेगी। तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की दैनिक मांग 2021 में 47.7 लाख बैरल थी। इसके 2022 में बढ़कर 51.4 लाख बैरल प्रतिदिन होने का अनुमान है। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा आयोजित 'यमुना पर आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आजादी का अमृत महोत्सव भारत सरकार की आजादी के 75 साल और उसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने की एक पहल है। (Click here to read complete article)
- देश में मादक पदार्थ रोधी कानूनों को लागू करने का जिम्मा संभालने वाली विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के लिए अपनी तरह का पहला पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल के जरिए कोई भी एजेंसी देश के किसी भी हिस्से से मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े किसी भी अपराधी का इतिहास, अपराधी की निजी जानकारी, उंगलियों के निशान और अदालती मुकदमों का विवरण हासिल कर सकती है। (Click here to read complete article)
- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के मुताबिक 17वां प्रवासी भारतीय दिवस 2023 अगले साल जनवरी में इंदौर में होगा। प्रवासी भारतीय दिवस हर साल 9 जनवरी को भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। यह 9 जनवरी 1915 को दक्षिण अफ्रीका से महात्मा गांधी की भारत वापसी की भी याद दिलाता है। (Click here to read complete article)

- केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री पुरुषोत्तम रूपाला ने राष्ट्रीय मत्स्यिकी विकास बोर्ड की 9वीं जनरल बॉडी की बैठक के दौरान "मत्स्यसेतु" मोबाइल ऐप में ऑनलाइन मार्केट प्लेस फीचर "एक्वा बाजार" का शुभारंभ किया। इस ऐप को आईसीएआर औरसेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर (आईसीएआर-सीआईएफए), भुवनेश्वर द्वारा विकसित किया गया है, जिसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के माध्यम से राष्ट्रीय मत्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद द्वारा वित्तीयसहायता प्रदान किया गया है। (Click here to read complete article)
- केपीआईटी-सीएसआईआर द्वारा विकसित देश की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस का पुणे में केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अनावरण किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 'हाइड्रोजन विजन' के अनुरूप है और भारत के लिए सस्ती और सुलभ स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने और नए उद्यमियों और नौकरियों के सृजन के लिए आत्मनिर्भर साधन सुनिश्चित करने के लिए अहम है। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद में अमृता अस्पताल का उद्घाटन किया। 133 एकड़ में बने इस अस्पताल में 2600 बैड हैं। इस अस्पताल को बनाने पर करीब 6 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यहां विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा मिलेगी। इलाज की अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल का प्रबंधन माता अमृतानन्दमयी मठ द्वारा किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आजादी क्वेस्ट (Azadi Quest) मोबाइल गेम को लॉन्च किया। इस गेम को आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के मौके पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानी को लोगों के सामने लाने के लिए पेश किया गया है। इस ऑनलाइन लर्निंग मोबाइल गेम्स सीरीज को जिंगा इंडिया के सहयोग से विकसित किया गया है। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहाली के मुल्लांपुर में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। इसके बाद कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि यह हॉस्पिटल देश की बेहतर हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रतिबिंब है। इस सेंटर से पंजाब और हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी लाभ मिलेगा। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) 30 अगस्त को 'इंडिया एट द रेट 100' के लिए प्रतिस्पर्धात्मकता रोडमैप जारी करेगी। यह दस्तावेज ईएसी-पीएम के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय, जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत, ईएसी-पीएम के सदस्य संजीव सान्याल की उपस्थिति में जारी किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- दिल्ली में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के मेहरौली में कुतुबमीनार के पास स्थित अनंग ताल को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण के प्रमुख अनंत विजय ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह दिल्लीवासियों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने मोदी सरकार को भी धन्यवाद दिया है। **(Click here to read complete article)**
- भारत का पहला 3डी-मुद्रित डाकघर बेंगलुरु, कर्नाटक में बनने वाला है। एक अभिनव कदम के तहत, बेंगलुरू में जल्द ही 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित भारत का पहला डाकघर होगा जो सिर्फ एक महीने में तैयार हो जाएगा। डाक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि के एक भूखंड पर हलासुरु के कैम्ब्रिज लेआउट में डाकघर स्थापित किया जाएगा। (Click here to read complete article)

States Current Affairs

- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बड़ा ऐलान करते हुए राज्य में सात नए जिले बनाने का ऐलान किया। इससे पहले बंगाल में 23 जिले थे अब इसे बढ़ाकर 30 कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि 7 नए जिलों का नाम सुंदरबन, इछेमती, राणाघाट, बिष्णुपुर, जंगीपुर, बेहरामपुर और एक और जिले का नाम बशीरहाट में रखा जाएगा। (Click here to read complete article)
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'लॉकडाउन लिरिक्स' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया, जो कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान के अनुभवों और परेशानियों पर लिखी गई कविताओं का संग्रह है। कवयित्री संयुक्ता दास ने इन कविताओं के जरिए समाज की इस सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान मानवता की आशाओं, आकांक्षाओं, दुःखों एवं कष्टों को दर्शाने का प्रयास किया है। (Click here to read complete article)
- कृषि अवसंरचना कोष (एग्री इंफ्रा फंड) के उपयोग में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है। फार्म गेट पर बुनियादी ढांचे के विकास पर बहुत जोर देकर यह सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में उभरा है। केंद्रीय कृषि और परिवार कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में कृषि निधि के उपयोग में देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य रायथू बाजार के सीईओ बी श्रीनिवास राव को प्रदान किया। (Click here to read complete article)
- केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की एक परियोजना का उद्घाटन किया है। यह परियोजना राज्य के सभी आंगनवाड़ियों में बच्चों को उनके पोषण स्तर में सुधार करने के लिए दूध और अंडे उपलब्ध कराने में मदद करती है। राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में आंगनवाड़ी मेनू में दूध और अंडे को शामिल करने के लिए 61.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की है। (Click here to read complete article)

- पुलिसिंग में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार के लिए स्मार्ट पुलिसिंग समाधान को लागू करने के लिए एमओयू 5ire और गोवा पुलिस के बीच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी का निर्माण करेगा। गोवा पुलिस ने घोषणा की कि उसने अपनी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए लेवल -1 ब्लॉकचेन नेटवर्क, 5ire के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। (Click here to read complete article)
- मध्य प्रदेश के खंडवा में दुनिया का सबसे बड़ा तैरता सौर ऊर्जा संयंत्र बनने जा रहा है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी तैरती सौर ऊर्जा का निर्माण मध्य प्रदेश (MP) में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने एवं बिजली की समस्याओं को दूर करने हेतु किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में जल्द ही बिजली संकट से लोगो को राहत मिलने वाली है। (Click here to read complete article)
- उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के सभी 13 जिलों में एक-एक 'संस्कृत-ग्राम' विकसित करने का निर्णय लिया है। यानी हर जिले में एक ऐसा गांव होगा जहां के लोग संस्कृत भाषा में ही बातचीत किया करेंगे। उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि इन गांवों के निवासियों को प्राचीन भारतीय भाषा को दैनिक बोलचाल में इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा । संस्कृत प्रदेश की दूसरी आधिकारिक भाषा है। (Click here to read complete article)
- उत्तर प्रदेश सरकार ने डेलॉइट इंडिया को सलाहकार के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का उद्देश्य यह है कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक लाने की योजना का सुझाव देगा। यूपी सरकार ने शुक्रवार को डेलॉयट इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में परामर्श एजेंसी और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। (Click here to read complete article)
- गोवा के मुख्यमंत्री, प्रमोद सावंत ने घोषणा की है कि राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की तर्ज पर उच्च शिक्षा संस्थानों में पाठ्यक्रम का 100% लागू करेगी। कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक एनईपी का क्रियान्वयन शुरू हो चुका है। अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों में पाठ्यक्रम का शत-प्रतिशत एनईपी के साथ ऑनलाइन होगा। (Click here to read complete article)
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की एकता और अखंडता के लिए सभी देशवासियों से एकजुट होने की अपील की है। आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर काकोरी के शहीद मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश और उल्लास के साथ हर घर तिरंगा फहराकर मनाने के लिए कहा। उन्होंने इस मौके पर काकोरी ट्रेन एक्शन की याद में डाक टिकट का अनावरण किया। (Click here to read complete article)
- केरल सरकार एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने के लिए तैयार है जहां लोग मूल बिल अपलोड कर सकते हैं और पुरस्कार जीतने का मौका भी पा सकते हैं। केरल सरकार का लक्ष्य इस ऐप से जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाना है। ऐप का नाम 'लकी बिल ऐप' है और इसे 16 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा लॉन्च किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- उत्तराखंड सरकार ने विकेटकीपरको पंत ऋषभ बल्लेबाज- 'राज्य ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त किया है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऋषभ को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऋषभ पंत द्वारा जिस तरह से बेहद सामान्य परिस्थितियों में अपने संकल्प एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से लक्ष्य को पूरा किया गया, उससे सभी को प्रेरणा मिलेगी। ऋषभ पंत का सबसे हालिया खेल न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की टी20 सीरीज में देखने को मिला जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम ने 3-0 से जीत के साथ सीरीज का खिताब अपने नाम किया। (Click here to read complete article)
- विश्व हाथी दिवस 2022 पर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने ट्विटर पर घोषणा की कि तमिलनाडु को अब तिरुनेलवेली जिले के अगस्त्यमलाई में अपना पांचवां हाथी रिजर्व मिल गया है। उन्होंने ट्वीट किया, "हाथी वन पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राजसी स्तनधारी प्रकृति की संपत्ति हैं जिन्हें हमें हर कीमत पर संरक्षित करना चाहिए। (Click here to read complete article)
- अरुणाचल प्रदेश में तीसरा हवाई अड्डा, जो अब राज्य की राजधानी ईटानगर में निर्माणाधीन है, को अरुणाचल प्रदेश प्रशासन द्वारा "डोनी पोलो हवाई अड्डा" नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रतिनिधि के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल ने अपनी बैठक में हवाई अड्डे के नाम के रूप में "डोनी पोलो हवाई अड्डे" को अपनाया। बैठक की अध्यक्षता अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने की। (Click here to read complete article)
- भारत सरकार अगले साल 15 से 17 फरवरी तक कोलकाता में 23वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो) India International Seafood Show 2023) का आयोजन करने वाला है। इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो)India International Seafood Show) दरअसल भारत से समुद्री जीवों का निर्यात बढ़ाने का एक मंच होता है। (Click here to read complete article)
- देश में अब ड्रोन से दवाओं की डिलीवरी होगी। अरुणाचल प्रदेश में इसका सफल प्रक्षेपण किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इसकी जानकारी दी। बताया कि भारत को ड्रोन हब बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के मार्गदर्शन में राज्य में ड्रोन सर्विस शुरू की गई। अरुणाचल प्रदेश सरकार भी हेल्थ, कृषि, आपदा प्रबंधन में ड्रोन का इस्तेमाल करने की पायलट परियोजना का संचालन करेगी। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई में पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर एयर कंडीशनर बस को हरी झंडी दिखाई है। स्विच मोबिलिटी द्वारा बनाई गई इलेक्ट्रिक बस में बैठने वाले यात्रियों की संख्या से दोगुनी होगी। यह पुराने जमाने में चलने वाले डबल डेकर बस के डिजाइन में बनाई गई है और इसमें नई सेफ्टी स्टैंडर्ड मिलते हैं। (Click here to read complete article)

- गोवा शत का देश वाला करने प्राप्त प्रमाणन जल घर हर प्रतिशत- मुताबिक के सरकार है। गया बन राज्य पहला, गोवा में हर घर में नल के जरिए साफ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ने सभी 378 गांवों को 'हर घर जल' घोषित कर दिया है। गोवा के सभी 2,63,013 ग्रामीण घरों में नल का पानी उपलब्ध कराया गया है। (Click here to read complete article)
- महाराष्ट्र में दही हांड़ी को साहसिक खेल का दर्जा मिलेगा। यही नहीं इस खेल में भाग लेने वाले गोविंदाओं को सरकारी नौकरियां भी दी जाएंगी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में घोषणा किया कि लोकप्रिय खेल दही हांडी उत्सव को सरकार ने साहसिक खेल का दर्जा देने का फैसला किया है। (Click here to read complete article)
- चंडीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम शहीद-ए-आजम भगत सिंह के नाम पर रखे जाने पर पंजाब और हरियाणा सहमत हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ इस विषय पर बैठक की। इसमें दोनों राज्यों के बीच नाम को लेकर सहमति बन गई। (Click here to read complete article)
- असम में हाल के एक विकास में, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने को एक परियोजना 'विद्या रथ- स्कूल ऑन व्हील्स' शुरू की, जिसका उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से अक्षम बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, "विद्या रथ- स्कूल ऑन व्हील्स परियोजना आर्थिक रूप से विकलांग बच्चों को अकादमिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक होगी।" (Click here to read complete article)
- अमेरिका जैसे देशों की तर्ज पर यूपी में एजुकेशन टाउनशिप विकसित की जाएगी। देश में पहली ऐसी टाउनशिप यूपी में खुलेगी। एजुकेशन टाउनशिप का मतलब एक ही जगह पर सभी प्रकार की शिक्षा व कौशल विकास का प्रशिक्षण आसानी से उपलब्ध होना। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में ऐसी पांच टाउनशिप विकसित करने का निर्देश दिया है। (Click here to read complete article)
- छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में ग्रामीण औद्योगिक पार्क स्थापित करेगी। परियोजना के पहले वर्ष में ऐसे 300 पार्क होंगे। इस कदम का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और "गौथन" परियोजना यह है। बनाना केंद्र का आजीविका को (शेड मवेशी) गांधी जयंती 2 अक्टूबर को शुरू की जाएगी। (Click here to read complete article)
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को बड़ा उपहार दिया है। योगी सरकार सिंगापुर की तर्ज पर देश का पहला नाईट सफारी और जैव विविधता पार्क राजधानी लखनऊ में बनाएगी। देश में 13 ओपन डे सफारी हैं, लेकिन एक भी नाईट सफारी नहीं है। इस बारे में पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने बताया कि सिंगापुर की विश्व की पहली नाईट सफारी की तर्ज पर 2027.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले कुकरैल वन क्षेत्र में 350 एकड़ में नाईट सफारी विकसित की जाएगी और 150 एकड़ में प्राणी उद्यान बनाया जाएगा। (Click here to read complete article)
- संस्थापक जग्गी वासुदेव (सद्गुरु) के अनुसार, ईशा फाउंडेशन अपने "मिट्टी बचाओ" अभियान के हिस्से के रूप में, मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। अन्य मंत्रियों के अलावा, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को "मिट्टी बचाओ" पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए पैलेस ग्राउंड का दौरा करेंगे। (Click here to read complete article)

Schemes/Committees

- विश्व के विभिन्न देशों समेत भारत में भी मंकीपॉक्स वायरस के संक्रमण के मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट है। केंद्र ने वायरस के संदिग्ध मामलों को देखते हुए टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल,स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण समेत दूसरे सीनियर अधिकारी शामिल हैं। टास्क फोर्स मंकीपॉक्स के इलाज की निगरानी करेगी और ये भी देखेगी कि इसकी वैक्सीन की क्या संभावना है। इस टीम का काम निगरानी से लेकर सरकार को समय-समय पर गाइड करने का होगा। (Click here to read complete article)
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा आजीविका और उद्यम के लिये हाशिए पर रहने वाले व्यक्तियों हेतु सहायता (SMILE)-75 पहल शुरू की गयी है। स्माइल-75 पहल के तहत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने भीख मांगने वाले व्यक्तियों के व्यापक पुनर्वास के लिए 75 नगर निगमों को चिह्नित किया है। यह पहल आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुरू की गई है। (Click here to read complete article)
- दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के मामलों को संभालने के लिए प्रशासकों की तीन सदस्यीय समिति (सीओए) के गठन का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा कि खेल संहिता का पालन करने के लिए आईओए की 'लगातार अनिच्छा' ने अदालत को मजबूर कर दिया कि इसके मामलों की देखरेख की जिम्मेदारी सीओए को सौंपी जाये। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत की पहली खारे पानी से रोशन होने वाली लालटेन का अनावरण किया। इस लालटेन का नाम रोशनी रखा गया है। इसकी खास बात यह है कि इस लालटेन में एलईडी बल्ब को जलाने के लिए समुद्र के पानी का इस्तेमाल किया जाता है, जो खासतौर से तैयार किए गए इलेक्ट्रोड के बीच इलेक्ट्रोलाइट के तौर पर काम करता है। (Click here to read complete article)
- नासा का नया चंद्र रॉकेट दो सप्ताह से भी कम समय के भीतर अपनी पहली उड़ान से पहले प्रक्षेपण पैड पर पहुंच गया। यह 322 फुट (98 मीटर) लंबा रॉकेट मंगलवार देर रात अपने विशाल हैंगर से निकला और इस दौरान बड़ी संख्या में कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र के कर्मचारी भी थे। रॉकेट को चार मील दूर पैड तक पहुंचने में लगभग 10 घंटे का समय लगा। (Click here to read complete article)

- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana) के तहत अब ट्रांसजेंडरों को भी कवर किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इस योजना के तहत लोगों को 5 लाख तक का फ्री में इलाज किया जाता है। (Click here to read complete article)
- जम्मू-कश्मीर के लिए VDG ग्राम रक्षा गार्ड यानि 'विलेज डिफेंस गार्ड योजना 2022' को सरकार द्वारा मंजूरी दे दी गई है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद यह योजना 15 अगस्त से आधिकारिक तौर पर प्रभावी कर दी गई है। इस बात की जानकारी जम्मू-कश्मीर गृह विभाग ने अपने एक आदेश में दी है। (Click here to read complete article)

Agreement/Memorandum of Understanding (MoU)

- जी एंटरटेनमेंट को सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ प्रस्तावित विलय के लिए बंबई शेयर बाजार (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) से मंजूरी मिल गई है। जी एंटरटेनमेंट एंटरटेनमेंट ने कहा कि कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया) के साथ प्रस्तावित विलय को बीएसई और एनएसई ने मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा कि स्टॉक एक्सचेंजों से विलय के लिए यह मंजूरी अनुमोदन प्रक्रिया में एक सकारात्मक कदम है। (Click here to read complete article)
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान , कानपुर और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने स्वदेशी डिजिटल भुगतान समाधान के विकास पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग एनपीसीआई और इसकी सहायक कंपनियों के उत्पादों और सेवाओं के लिए साइबर सुरक्षा नियंत्रण को बढ़ाने में भी मदद करेगा। (Click here to read complete article)
- भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) एवं भारतीय नौसेना ने विमानन अनुसंधान और विकास पर सहयोग करने तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत भारतीय नौसेना के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को गति देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बेंगलुरु स्थित आईआईएससी ने एक बयान में बताया कि 29 जुलाई को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन भारतीय नौसेना को आईआईएससी में संबंधित संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करने के लिए एक औपचारिक आधार प्रदान करेगा और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को बढ़ावा देगा। (Click here to read complete article)
- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने ढाका में सड़क और राजमार्ग विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि बांग्लादेश के क्षेत्र के माध्यम से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में पेट्रोलियम उत्पादों की आपातकालीन ढुलाई की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा कि यह इस साल असम में बाढ़ से हुए नुकसान के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की तत्काल आपूर्ति में मदद करने के लिए एक अंतरिम सेटअप है। (Click here to read complete article)
- डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम ने ऑनलाइन भुगतान सुविधा और ऋण सेवा 'पेटीएम पोस्टपेड' के लिए पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) उपकरण लगाने के लिए सैमसंग स्टोर के साथ भागीदारी की है। इस साझेदारी के तहत, देशभर में सैमसंग के किसी भी स्टोर से लैपटॉप, स्मार्टफोन, टेलीविजन जैसे उपकरण खरीदने के लिए ग्राहक पेटीएम के अलग-अलग विकल्पों के जरिये भुगतान कर सकते हैं। (Click here to read complete article)
- येस बैंक ने विक्रेता-केंद्रित इंटेलीजेंस प्लेटफॉर्म सेलर ऐप के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी अपने ग्राहक आधार के सेलर सेगमेंट को ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) की सुविधा प्रदान करने और उन्हें अपने डिजिटल कॉमर्स फुटप्रिंट को बढ़ाने में मदद करने के लिहाज से की गई है। (Click here to read complete article)
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने महात्मा फुले रिन्यूएबल एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी लिमिटेड (महाप्रीत) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। महाप्रीत, एमपीबीसीडीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी (भारत सरकार के स्वामित्व में 49 फीसदी और महाराष्ट्र सरकार के स्वामित्व में 51 फीसदी) है। (Click here to read complete article)
- कृषि कारोबार कंपनी गोदरेज एग्रोवेट ने पाम तेल की खेती को बढ़ावा देने के लिए असम, मणिपुर और त्रिपुरा सरकार के साथ समझौता किया है। कंपनी ने पूर्वोत्तर के इन तीन राज्यों में पाम तेल के विकास और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय खाद्य तेल ऑयल पाम मिशन के तहत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। भारत पाम तेल का शुद्ध आयातक देश है। (Click here to read complete article)
- देश भर में 1,000 हरित ऊर्जा व्यवसाय बनाने के लिए, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) और TP Renewable Microgrid Ltd (TPRMG), टाटा पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ने मिलकर हरित ऊर्जा व्यवसाय कार्यक्रम शुरू किया है। यह परियोजना देश भर में स्थायी व्यापार मॉडल को बढ़ावा देगी, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण उद्यमियों का सशक्तिकरण होगा। (Click here to read complete article)

- रॉयल एनफील्ड और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हिमालय से शुरू होकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने के लिए हाथ मिलाया है। कार्यक्रम को पश्चिमी हिमालय और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में सांस्कृतिक विरासत (ICH) प्रथाओं के एक अनुभवात्मक और रचनात्मक प्रदर्शन के रूप में तैयार किया गया है। इसमें एक प्रदर्शनी, पैनल चर्चा, फिल्म स्क्रीनिंग, प्रदर्शन और व्याख्यान-प्रदर्शन शामिल हैं। **(Click here to read complete article)**
- भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) 100% सहायक, भारत गैस रिसोर्सेज लिमिटेड (BGRL) का मूल कंपनी में विलय हो गया है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने इस विलय को अधिकृत करते हुए डिक्री जारी की। विलय प्रस्ताव की शर्तों के अनुसार, BOCL की अधिकृत शेयर पूंजी आज की स्थिति में BGRL की अधिकृत शेयर पूंजी के साथ संयुक्त है। (Click here to read complete article)
- हीरो इलेक्ट्रिक ने बिजलीचालित दोपहिया वाहनों को चार्ज करने के लिए जियो-बीपी के साथ समझौता किया। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ने बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को जियो-बीपी (Jio-BP) के व्यापक चार्जिंग और बैटरी अदला-बदली नेटवर्क तक पहुंच मिलेगी। यह सुविधा अन्य वाहनों के लिए भी खुली रहेगी। (Click here to read complete article)

Appointments/Resignations (National & International)

- आईपीएस संजय अरोड़ा दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर बन गए हैं। संजय अरोड़ा तमिल नाडु कैडर के 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। संजय अरोड़ा आईटीबीपी के डीजी के पद से कार्यमुक्त होकर 01 अगस्त 2022 से बतौर दिल्ली पुलिस कमिश्नर अपना पद संभालेंगे। इनसे पहले राकेश अस्थाना इस पद पर नियुक्त थे। (Click here to read complete article)
- भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के वरिष्ठ अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश को पत्र सूचना कार्यालय का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। 1988 बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक प्रकाश, जयदीप भटनागर की जगह पदभार संभालेंगे। (Click here to read complete article)
- सशस्त्र सीमा बल-एसएसबी के महानिदेशक डॉक्टर सुजॉय लाल थाओसेन ने नई दिल्ली में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस-आईटीबीपी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला। डॉक्टर थाओसेन 1988 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। भारतीय पुलिस सेवा के संजय अरोड़ा ने डॉक्टर थाओसेन को कार्यभार सौंपा। श्री संजय अरोडा ने कल दिल्ली पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभाला। (Click here to read complete article)
- प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा ने नये सीजेआई के लिए जस्टिस यूयू ललित के नाम की सिफारिश की है। भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने की कतार में शामिल उच्चतम न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू. यू. ललित मुसलमानों में 'तीन तलाक' की प्रथा को अवैध ठहराने समेत कई कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। यदि वह अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त होते हैं तो वह ऐसे दूसरे प्रधान न्यायाधीश होंगे, जिन्हें बार से सीधे शीर्ष अदालत की पीठ में पदोन्नत किया गया था। (Click here to read complete article)
- भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी श्वेता सिंह को प्रधानमंत्री कार्यालय में निदेशक (डायरेक्टर) पद पर नियुक्ति दी गई है। श्वेता सिंह 2008 बैच की आईएफएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके तीन साल के कार्यकाल को मंजूरी दी है। (Click here to read complete article)
- वोडाफोन आइडिया (वीआई) के निदेशक मंडल ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रविंदर टक्कर को कंपनी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। रविंदर टक्कर 19 अगस्त को हिमांशु कपानिया की जगह लेंगे। हालांकि, वह गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में वीआईएल बोर्ड का हिस्सा बने रहेंगे। (Click here to read complete article)
- रंजीत रथ ने सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया है। ऑयल इंडिया ने जारी बयान में कहा कि रथ एक भूवैज्ञानिक है और उन्होंने दो अगस्त से कंपनी के चेयरमैन के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली है। (Click here to read complete article)
- यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) लिमिटेड (यूनिटी बैंक) ने इंद्रजीत कैमोत्रा को बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी और सीईओ) नियुक्त किया है। भारत भर में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ वरिष्ठ बैंकर, कैमोत्रा ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में विभिन्न नेतृत्व पदों पर कार्य किया। जनवरी 2022 में, बैंक ने भारत के पूर्व CAG विनोद राय को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया। (Click here to read complete article)
- वरिष्ठ वैज्ञानिक नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पहली महिला महानिदेशक बन गई हैं। सीएसआईआर देशभर के 38 अनुसंधान संस्थानों का एक संघ है। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, वह शेखर मांडे का स्थान लेंगी, जो अप्रैल में सेवानिवृत्त हो गए। मांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश गोखले को सीएसआईआर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। (Click here to read complete article)
- डाबर के अमित बर्मन ने कंपनी के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा 10 अगस्त, 2022 से प्रभावी है। हालांकि, बर्मन गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में बने रहेंगे। (Click here to read complete article)

- केंद्र सरकार ने नगालैंड कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पीयूष गोयल को नेटग्रिड का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया। केंद्र सरकार ने इसके साथ ही 26 अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त सचिव के रैंक में तैनात करने का आदेश जारी किया। (Click here to read complete article)
- ग्रेनेडा के पूर्व जलवायु लचीलापन मंत्री साइमन स्टील संयुक्त राष्ट्र के नए जलवायु प्रमुख बनेंगे, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हाल ही में इसकी घोषणा की। नियुक्ति को संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूएनएफसीसीसी) के ब्यूरो द्वारा अनुमोदित किया गया है। (Click here to read complete article)
- केंद्र और नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) के बोर्ड ने अगले पांच वर्षों के लिए राजकिरण राय को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। NaBFID के बोर्ड ने 30 जुलाई को RBI, केंद्र और विकास वित्त संस्थानों (DFI) के नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा मंजूरी के आधार पर राय की नियुक्ति को मंजूरी दी। (Click here to read complete article)
- वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के चेयरमैन पद के लिए मोहम्मद मुस्तफा के नाम की सिफारिश की है। एफएसआईबी ने बयान में कहा कि 16 और 17 अगस्त, 2022 को 15 उम्मीदवारों के साथ बातचीत के बाद ब्यूरो ने मोहम्मद मुस्तफा की नाबार्ड के चेयरमैन पद के लिए सिफारिश की है। (Click here to read complete article)
- बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने अपने कार्यकारी निदेशक अनुज पोद्दार को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्त करने की घोषणा की। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने एक बयान में इस नियुक्ति की जानकारी दी। उसने कहा कि कंपनी ने चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक के पद को अलग-अलग कर दिया है। उसके संरक्षक शेखर बजाज कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पद पर बने रहेंगे। (Click here to read complete article)
- बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (Bill & Melinda Gates Foundation) ने कन्वर्जेंस फाउंडेशन के फाउंडर, सीईओ और भारतीय परोपकारी आशीष धवन (Ashish Dhawan) को अपने अपने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में नियुक्त करने की घोषणा की है। इनके अलावा फाउंडेशन के न्यासी बोर्ड में अमेरिका के स्पेलमैन कॉलेज की अध्यक्ष डॉक्टर हेलेन डी. गेल को भी शामिल करने का ऐलान किया गया है। स्पेलमैन कॉलेज की अध्यक्ष बनने से पहले, गेल शिकागो कम्युनिटी ट्रस्ट की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी थीं। (Click here to read complete article)
- कार्मिक मंत्रालय ने के आदेश अनुसार, वरिष्ठ वैज्ञानिक देबासिसा मोहंती को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी के (एनआईआई) मोहंती कि दें बता है। गया किया नियुक्त में रूप के निदेशक के साइंटिस्ट स्टाफ में संस्थान में वर्तमान रूप में कार्यरत हैं। बता दें कि ओडिशा कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा को वर्मा राजेश अधिकारी (आईएएस) 18 अगस्त 2022 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद इस रिक्ति की आवश्यकता थी। (Click here to read complete article)
- आईएएस राजेश वर्मा को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सचिव नियुक्त किया गया। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, कॉरपोरेट मामलों के सचिव राजेश वर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्मा ओडिशा कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। (Click here to read complete article)
- अनुभवी राजनयिक विक्रम दोराईस्वामी को यूनाइटेड किंगडम में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों को देखते हुए इसे एक महत्वपूर्ण नियुक्ति माना जाता है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जल्द ही विक्रम दोराईस्वामी ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। (Click here to read complete article)
- प्रतिष्ठित वैज्ञानिक समीर वीअनुसंधान रक्षा को कामत . और विकास विभाग का सचिव तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन कार्मिक गया। किया नियुक्त अध्यक्ष का (डीआरडीओ) गई। दी जानकारी यह में आदेश एक जारी से तरफ की मंत्रालय कामत, वर्तमान में डीआरडीओ के 'मैटेरियल्स एंड सिस्टम्स नेवल' सती .जी वह और हैं महानिदेशक के प्रभागश रेड्डी का स्थान लेंगे, जिन्हें रक्षा मंत्री का वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। कामत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने या अगले आदेश तक पद पर रहेंगे। **(Click here to read complete article)**
- भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में भारत का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। केवी सुब्रमण्यम प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला का स्थान लेंगे, जिन्हें 2019 में आईएमएफ के बोर्ड में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। **(Click here to read complete article)**
- आरबीएल बैंक ने गोपाल जैन और डॉ शिवकुमार गोपालन को गैरअपनी बैंक आरबीएल है। किया नियुक्त निदेशक कार्यकारी-2.0 रणनीति में तेजी लाने के लिए प्रासंगिक अनुभव वाले नेताओं के विविध समूह को जोड़ने पर काम कर रहा है। नए परिवर्धन के साथ, बैंक के बोर्ड में 14 सदस्य होंगे। आरबीएल बैंक के बोर्ड ने प्रतिभूतियों ऋण पर आधार के प्लेसमेंट निजी "पर समय-समय" से माध्यम के मुद्दे के 3,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दी। (Click here to read complete article)
- प्राइवेट बैंक आईडीएफसी (IDFC) ने 24 अगस्त को कहा कि उसने महेंद्र शाह को 1 अक्टूबर, 2022 से 30 सितंबर, 2023 तक के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि ये नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। महेंद्र शाह मौजूदा एमडी और सीईओ सुनील कक्कड़ की जगह लेंगे। जिनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2022 को समाप्त होगा। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में ऐसा कहा है। (Click here to read complete article)

Ranks and Reports

- कोरोना कहर के पहले चरण में ठप पड़ी जिंदगी की वजह से 2020 में विधानसभा सत्र की बैठकों के लिहाज से देश भर में केरल आठवें स्थान पर था। अब वह फिर शीर्ष पर लौट आया है। 2021 में केरल विधानसभा सत्र में कुल 61 दिन काम हुआ, जो समग्र देश में सबसे अधिक है। यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि 2021 में भी कोरोना की दूसरी लहर अपने चरम पर थी। यही नहीं साल 2016 से साल 2019 के बीच भी केरल विधानसभा बैठकों के मामले में शीर्ष पर रहा। इस अवधि में औसतन 53 दिन सत्र चलाहैं। जुटाए ने ऑर्ग डॉट पीआरएसइंडिया आंकड़े यह . (Click here to read complete article)
- एयरलाइन, विस्तारा ने जुलाई 2022 के महीने के लिए DGCA द्वारा हाल ही में जारी भारत के हवाई यातायात डेटा के अनुसार एक बड़ा मील का पत्थर हासिल किया है। DGCA के आंकड़ों के अनुसार, विस्तारा भारत में दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन बन गई है। बाजार हिस्सेदारी के मामले में, स्पाइसजेट, गोएयर, एयर इंडिया सहित पुराने, अधिक स्थापित कम लागत वाले एयर कैरियर को पीछे छोड़ते हुए। **(Click here to read complete article)**
- भारत ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी (आईओएए) पर आयोजित 15वें अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड की पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है। छात्रों के तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने के साथ भारत सिंगापुर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी (आईओएए) पर 15वां अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड 14 से 21 अगस्त 2022 तक जॉर्जिया के कुटैसी में आयोजित किया गया। **(Click here to read complete article)**

Sports Current Affairs

- राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारतीय भारोत्तोलकों का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। भारत को खेलों के तीसरे दिन जेरमी लालरिनुंगा ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने पुरुषों की 67 किग्रा भारवर्ग स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या 5 हो गई है। इसमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक हैं। पांचों पदक भारत के लिए वेटलिफ्टर्स ने ही जीते हैं। (Click here to read complete article)
- भारत के युवा वेटलिफ्टर अचिंत शुली ने पुरुषों के 73 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में यह भारत का छठा मेडल है। खेलों में भारत का तीसरा गोल्ड मेडल है। अचिंत से पहले जेरेमी लालरिनुंगा और मीराबानू चानू ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। शुली ने पुरुषों के 73 किग्रा वर्ग में कुल 313 किग्रा के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 143 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 170 किग्रा भार उठाकर मलेशिया के एरी हिदायत मुहम्मद को पीछे छोड़ा। (Click here to read complete article)
- इंग्लैंड ने अतिरिक्त समय तक चले मैच में जर्मनी को 2-1 से हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता।जब लग रहा था कि इंग्लैंड उम्मीदों के दबाव में आ जाएगा तब चोले केली ने 110वें मिनट में गोल दागा जो निर्णायक साबित हुआ। केली के गोल के पहले इंग्लैंड के खिलाड़ी काफी थके हुए नजर आ रहे थे और उन्हें जर्मनी के स्थानापन्न खिलाड़ियों के सामने जूझना पड़ रहा था। (Click here to read complete article)
- 2024 के पेरिस ओलंपिक के आयोजकों ने अपने आधिकारिक नारे के रूप में "गेम्स वाइड ओपन" का अनावरण किया है। यह नारा एक वीडियो के साथ जारी किया गया है, जिसमें ओलंपिक और पैरालिंपिक का वादा "तेज", "उच्च" और "मजबूत" होगा - साथ ही साथ "अधिक समावेशी, अधिक भाई, अधिक सुंदर" शामिल है। (Click here to read complete article)
- बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने 71 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। उन्होंने कुल 212 किलोग्राम वजन उठाकर देश को नौवां पदक दिलाया। हरजिंदर ने फाइनल मुकाबले में स्नैच राउंड में 93 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 119 किलोग्राम वजन उठाया। इंग्लैंड की साराह डेविस ने कुल 229 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, कनाडा की एलेक्सिस एशवर्थ ने 214 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। (Click here to read complete article)
- भारत की जुडोका सुशीला देवी लिकमाबाम ने जूडो के महिला वर्ग में 48 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। फाइनल में सुशीला को दक्षिण अफ्रीका की मिकेला व्हीटबोई ने हरा दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला 4 मिनट 25 सेकेंड तक चला. सुशीला ने सेमीफाइनल में मॉरिशस की प्रिसिल्ला मोरांद को इपपोन से हराया था. उससे पहले सुशीला ने क्वार्टर फाइनल में मालावी की हैरियट बोनफेस को हराया था। (Click here to read complete article)
- भारत के विजय कुमार यादव ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में पुरुषों के 60 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। स्कॉटलैंड के डिलन मुनरो के खिलाफ अपना रेपचेज मुकाबला जीतने के बाद विजय ब्रॉन्ज मेडल मैच के लिए उतरे, जहां उन्होंने साइप्रस के पेट्रोस क्रिसटोडूलाइड्स (Petros Christodoulides) को एकतरफा अंदाज में 10-0 से मात दी। यादव को क्वॉर्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काज ने मात दी थी। (Click here to read complete article)
- भारतीय लॉन बॉल टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (Birmingham Commonwealth Games)में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया और पूरे देश को इस गुमनाम से खेल को देखने के लिए प्रेरित भी किया। भारत की लवली चौबे (लीड), पिंकी (सेकंड), नयन मोनी सैकिया (थर्ड) और रूपा रानी टिर्की (स्लिप) की चौकड़ी ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 17-10 से हराया। प्रतियोगिता की महिला फोर स्पर्धा में भारत (India at CWG 2022) पहली बार उतरा था। भारतीय दल का यह चौथा स्वर्ण है और भारोत्तोलन के अलावा किसी स्पर्धा में पहला स्वर्ण भी है। **(Click here to read complete article)**
- कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत को एक और ब्रॉन्ज मेडल मिला है। वेटलिफ्टर लवप्रीत सिंह ने 109 KG. कैटेगरी में कमाल किया और देश के नाम ब्रॉन्ज मेडल किया। अभी तक यह भारत का 14वां मेडल है, जबकि यह चौथा ब्रॉन्ज मेडल है। लवप्रीत सिंह ने इस गेम में कुल 355 (163+192) किलोग्राम वजन उठाया, जो नेशनल रिकॉर्ड है. लवप्रीत सिंह ने खुद अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। (Click here to read complete article)

- टेबल टेनिस टीम ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में (Commonwealth games 2022) 11वां मेडल दिलाया। पुरुष टीम ने फाइनल में सिंगापुर को 3-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। जी साथियान ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने डबल्स में हरमीत देसाई के साथ डबल्स का मुकाबला जीता। फिर अपने सिंगल्स के मैच भी शाानदार प्रदर्शन करके हुए विरोधी खिलाड़ी को पटकनी दी। (Click here to read complete article)
- केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चौथे ओएनजीसी पैरा खेलों का उद्घाटन किया। आठ केन्द्रीय तेल और गैस सार्वजनिक उद्यमों के कर्मचारी- 275 दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) तेल और प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा 2-4 अगस्त 2022 के दौरान आयोजित किए जा रहे चौथे ओएनजीसी पैरा गेम्स में भाग ले रहे हैं। (Click here to read complete article)
- भारतीय वेटलिफ्टर्स का कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में शानदार प्रदर्शन जारी है। गुरदीप सिंह ने भारत का शानदार अभियान जारी रखते हुए 109 प्लस किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। गुरदीप ने स्नैच में 167 और क्लीन एंड जर्क में 223 किलो समेत कुल 390 किलो वजन उठाया। (Click here to read complete article)
- तूलिका मान ने जूडो इवेंट में भारत के लिए सिल्वर मेडल हासिल किया है। 78+ किलो भारवर्ग के फाइनल में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन के हाथों तूलिका को हार का सामना पड़ा। तीन मिनट 29 सेकेंड तक चले मैच में सारा एडलिंगटन ने इपपोन (प्रतिद्वंद्वी को पीठ के बल जोर से पटकना) के जरिए यह मुकाबला जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के जूडो इवेंट में भारत का यह तीसरा मेडल है। (Click here to read complete article)
- भारत के अनुभवी स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। सौरव ने पुरुष एकल के ब्रॉन्ज मेडल मैच में इंग्लैंड के जेम्स विल्सट्रॉप को सीधे गेम में 3-0 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल ने मेजबान देश के दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ 11-6, 11-1, 11-4 से आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही घोषाल ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वैश के एकल स्पर्धा में भारत को पहला पदक दिला दिया। (Click here to read complete article)

- भारत के हाई जंपर तेजस्विन शंकर ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में भारत के पदकों का खाता खोला। तेजस्विन शंकर ने कांस्य के रूप में ट्रैक एंड फील्ड में भारत के लिए पहला पदक जीता। इतना ही नहीं तेजस्विन किसी भी राष्ट्रमंडल खेलों में हाई जंप में भारत के लिए पदक जीतने वाले पहले एथलीट बन गए। पुरुषों के हाई जंप इवेंट के फाइनल में तेजस्विन ने 2.22 मीटर के जंप के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। (Click here to read complete article)
- तानिया सचदेव ने कड़ी मेहनत करते हुए एक कीमती अंक हासिल किया, जिससे भारत ए ने मामल्लापुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में महिला वर्ग के चौथे दौर के मैच में हंगरी के खिलाफ 2.5-1.5 की सनसनीखेज जीत दर्ज की। कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका और आर वैशाली के अपने-अपने मुकाबलों में ड्रॉ के साथ समाप्त होने के बाद, सचदेव ने इस अवसर पर शानदार प्रदर्शन किया। उसने निर्णायक अंक अर्जित करने के साथ-साथ टीम के लिए मैच हासिल करने के लिए जसोका गाल को हराया। (Click here to read complete article)
- भारत के लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने भारत को ट्रैक एंड फील्ड में दूसरा पदक दिलाया है। श्रीशंकर ने मेन्स लॉन्ग जंप के फाइनल में 8.08 मीटर के बेस्ट जंप के साथ रजत पदक हासिल किया। इसी के साथ श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में लॉन्ग जंप इवेंट में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले भारत के पहले पुरुष एथलीट बन गए हैं। (Click here to read complete article)
- सुधीर ने कामनवेल्थ गेम्स 2022 में पुरुषों के हैवीवेट फाइनल में 212 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ वजन के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर ने राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा-पावरलिफ्टिंग में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने नाइजीरिया के इकेचुकु ओबिचुकु (133.6 अंक) को 0.9 अंकों से हराया। सुधीर ने अपने इवेंट की शुरुआत 208 किग्रा भार उठाने के सफल प्रयास के साथ की और 132.0 अंक हासिल किए। अपने दूसरे प्रयास में, उन्होंने सुधार किया और 134.5 अंक हासिल करते हुए सफलतापूर्वक 212 किग्रा भार उठाया। तीसरे और आखिरी प्रयास में, वह 217 किग्रा भार उठाने में विफल रहे, लेकिन उन्होंने 134.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर भारत के लिए पैरा पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण जीतने वाले पहले एथलीट बन गए हैं। (Click here to read complete article)
- 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने कनाडा के पहलवान लाचलन मैक्रेल को मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरुषों के 65 किग्रा भारवर्ग में बजरंग ने कनाडा के पहलवान को 7-2 के अंतर से मात देकर लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत लिया। बजरंग ने साल 2018 में गोल्ड कोस्ट में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वो अपना खिताब बचाने में सफल हुए हैं। (Click here to read complete article)
- स्टार भारतीय पहलवान, साक्षी मलिक ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला कुश्ती फ्रीस्टाइल 62 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने फाइनल में कनाडा की एना गोडिनेज गोंजालेज को हराया। मलिक ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कैमरून के एटेन नोगोले को 10-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी मलिक ने महिला फ्रीस्टाइल 62 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की केल्सी बार्न्स को 10-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। (Click here to read complete article)

- दीपक पूनिया ने भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक का सबसे यादगार स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हरा दिया। इनाम के खिलाफ पूनिया ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पाकिस्तानी पहलवान को एक भी मौका नहीं दिया। दीपक ने यह मैच 3-0 से अपने नाम कर लिया। यह राष्ट्रमंडल खेलों में दीपक पूनिया का पहला पदक है। भारत को कुश्ती में तीसरा स्वर्ण मिला है। (Click here to read complete article)
- भारतीय पहलवान अंशु मलिक ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें स्वर्ण पदक मैच में नाइजीरिया की अदेकुओरोए के खिलाफ 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। मलिक ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 की कुश्ती में भारत के लिए पहला पदक जीता। (Click here to read complete article)
- भारतीय पहलवान, मोहित ग्रेवाल ने जमैका के आरोन जॉनसन को हराकर राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 125 किग्रा में कांस्य पदक जीता है। कांस्य पदक के मुकाबले में ग्रेवाल ने जॉनसन को 5-0 से हराया। उन्होंने महज तीन मिनट 30 सेकेंड में यह पदक हासिल किया। मोहित ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में साइप्रस के एलेक्सियोस कौसलीडिस के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में कनाडा के चैंपियन अमरवीर ढेसी से हार गए। (Click here to read complete article)
- भारतीय पहलवान दिव्या काकरान ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता है। कांस्य पदक मैच में काकरान ने टोंगा की टाइगर लिली कॉकर लेमाली को 26 सेकंड में विक्ट्री बाय फॉल के माध्यम से हराया। काकरान ने केवल 26 सेकेंड में विक्ट्री बाय फॉल के जरिए पदक हासिल किया। (Click here to read complete article)
- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) द्वारा 7 अगस्त को राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस (National Javelin Day) मनाया गया। 7 अगस्त, 2022 को दूसरा 'भाला फेंक दिवस' मनाया गया। टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- भारत ने अंडर-20 साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन यानी SAFF चैंपियनशिप 2022 का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के चौथे संस्करण के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 5-2 से हराकर लगातार दूसरी बार टाइटल अपने नाम किया। SAFF U-20 चैंपियनशिप दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) द्वारा आयोजित पुरुषों की अंडर -18 राष्ट्रीय टीमों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता है। सिबजीत सिंह लीमापोकपम भारतीय टीम के कप्तान थे और सोम कुमार गोलकीपर थे। (Click here to read complete article)
- भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिडे का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष आर्केडी वोर्कोविच को दूसरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष चुन लिया गया है। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन आनंद वोर्कोविच की टीम का हिस्सा थे। (Click here to read complete article)
- निकहत ज़रीन ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने विमेन्स लाइट फ्लाई कैटेगरी के फाइनल में उत्तरी आयरलैंड की कार्ले मैकनाउल को 5-0 से हराया। टीम इंडिया का कॉमनवेल्थ गेम्स में यह 48वां मेडल है। जबकि बॉक्सिंग में यह तीसरा गोल्ड मेडल है। दिलचस्प बात यह है कि निकहत पहली बार देश के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीती हैं। निकहत ने अपने ताबड़तोड़ मुक्कों से प्रतिद्वंद्वी कार्ली मैकनॉल को टिकने नहीं दिया और 50 किलोग्राम फाइनल का गोल्ड जीता। (Click here to read complete article)
- पीवी सिंधु ने फाइनल में कनाडा की मिशेल ली को सीधे गेम में हराकर राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने दुनिया की 13वें नंबर की मिशेल को 21-15, 21-13 से हराकर 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में उनके खिलाफ हार का बदला भी चुकता कर दिया। सिंधु के करियर का यह पहला राष्ट्रमंडल खेलों का एकल स्वर्ण है। (Click here to read complete article)
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है और राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) 2022 के इतिहास में क्रिकेट में देश का पहला पदक हासिल किया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 9 रन से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह रजत भी किसी गोल्ड से कम नहीं है क्योंकि टीम ने वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को जोरदार टक्कर दी। (Click here to read complete article)
- ऑस्ट्रेलिया की 28 वर्षीय तैराक एम्मा मैककॉन ने राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में एक अनूठा रिकॉर्ड बनाया है क्योंकि उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में 56 देशों / क्षेत्रों से अधिक पदक जीते हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में तैराकी में विभिन्न स्पर्धाओं में एक कांस्य, एक रजत और छह स्वर्ण पदक जीते। इंग्लैंड के बर्मिंघम में 12 दिनों तक चले खेलों के महाउत्सव कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का समापन हो गया है। (Click here to read complete article)
- 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना विलियम्स (Serena Williams Retires) ने संन्यास की घोषणा कर दी है। वोग के सितंबर अंक के कवर पर आने के बाद टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने अपने रिटायरमेंट की घोषणा इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर दी। सेरेना विलियम्स ने बताया कि वह साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट यूएस ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कहने वाली हैं। (Click here to read complete article)
- उज्बेकिस्तान की टीम ने 44वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन में स्वर्ण पदक जीता है। टीम आर्मेनिया ने रजत जीता जबकि भारत-2 टीम ने ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में यूक्रेन ने स्वर्ण पदक जीता। टीम जॉर्जिया ने रजत जीता, जबकि भारत-1 टीम ने कांस्य पदक जीता। (Click here to read complete article)
- रियल मैड्रिड और आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट के बीच यूईएफए सुपर कप 2022 का फाइनल मुकाबला खेला गया। जहां रियल मैड्रिड ने फ्रैंकफर्ट को हराकर खिताब जीत लिया। विशेष रूप से मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। यूईएफए सुपर कप दो मुख्य यूरोपीय क्लब प्रतियोगिताओं, यानी यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए यूरोपा लीग के विजेताओं के लिए यूईएफए द्वारा आयोजित एक वार्षिक फुटबॉल मैच है। (Click here to read complete article)

- वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और स्टार ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने टी20 क्रिकेट में एक बहुत ही खास उपलब्धि हासिल कर ली है। पोलार्ड 600 टी20 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने हाल ही में दी हंड्रेड टूर्नामेंट के मुकाबले में लंदन स्पिरिट की तरफ से खेलते हुए यह अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने लॉर्ड्स के मैदान में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ खेले गए इस मैच में 11 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और 34 रन बनाकर नाबाद रहे। (Click here to read complete article)
- पहली खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग अंडर-16 इस महीने की 16 से 23 अगस्त के बीच नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। युवा कार्य और खेल मंत्रालय के अनुसार देश की कुल 16 टीमें इसमें भाग ले रही हैं। महिलाओं के लिए खेल घटक, जो खेल प्रतियोगिताओं की एक विस्तृत श्रृंखला में अधिक महिला भागीदारी में सत्ता के लिए सबसे आवश्यक कदम उठाता है। (Click here to read complete article)
- भारत की शीर्ष खिलाड़ी 'टाटा स्टील चेस इंडिया' टूर्नामेंट के पांचवें चरण में पहली बार होने वाली महिलाओं की प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगी जिसमें कोनेरू हंपी, डी हरिका और आर वैशाली शामिल हैं। यह शतरंज टूर्नामेंट कोलकाता में 29 नवंबर से चार दिसंबर तक खेला जायेगा। (Click here to read complete article)
- महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मार्च 2023 में एक महीने की विंडो में शुरू की जाएगी और पूरी संभावना है कि इसमें पांच टीमें खेलेंगी, इसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की और टूर्नामेंट के लिये मार्च की विंडो को ठीक समझा गया जो दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के बाद की है। (Click here to read complete article)
- फीफा ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को (एआईएफएफ) कि है आरोप का फीफा दिया। कर निलंबित AIFF तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव में काम कर रहा है जो कि फीफा क़ानून का गंभीर उल्लंघन है। फीफा ने एक बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति के लिए प्रशासकों की एक समिति गठित करने के बाद निलंबन हटा लिया जाएगा। (Click here to read complete article)
- सुल्तान अजलन शाह कप अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन दो साल बाद 16 से 25 नवंबर के बीच मलेशिया के इपोह में किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का पिछले दो वर्षों से आयोजन नहीं किया जा सका था। इसका आयोजन आखरी बार साल 2019 में हुआ था जब दक्षिण कोरिया ने फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीता था। (Click here to read complete article)
- एशिया के सबसे पुराने क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप का आगाज हो चुका है। डूरंड कप का 131वां सीजन 16 अगस्त से 18 सितंबर के बीच कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम और किशोर भारती स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अतिरिक्त कुछ मैच इंफाल के खुमान लम्पक स्टेडियम और गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में भी खेले जाएंगे। इस सीजन में टीमों की संख्या को बढ़ाया गया है। पहले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा लेती थी। (Click here to read complete article)
- आयरलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी केविन ओ ब्रायन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। साल 2006 में आयरलैंड के लिए डेब्यू करते हुए ओ ब्रायन लगभग दो दशकों तक अपने करियर में एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में आयरलैंड को एसोसिएट सदस्य से टेस्ट दर्जे की स्थिति तक पहुंचाने वाले अहम खिलाड़ी साबित हुए। ओ ब्रायन कई बल्लेबाजी रिकॉर्ड के साथ वनडे प्रारूप में आयरलैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 32.68 की औसत और 5.20 की इकॉनमी दर से 114 विकेट हासिल किए। (Click here to read complete article)
- भारत की महिला फुटबॉलर मनीषा कल्याण ने यूरोपीय क्लब टूर्नामेंट (UEFA) की महिला चैंपियंस लीग में डेब्यू करते हुए इतिहास रच दिया है। उन्होंने गुरुवार को अपोलन लेडीज एफसी के लिए लातवियन क्लब रिगास एफसी के खिलाफ डेब्यू किया था। इस क्वालिफाइंग मैच में भारत की मनीषा को 60वें मिनट में साइप्रस की मारिलने जॉर्जिया की जगह सब्सिटियूट के तौर पर खेलने का मौका मिला। इस मैच में अपोलन ने रिगास को 3-0 से हराया। अब अपोलन का सामना 21 अगस्त को एफसी ज्यूरिख फ्राएन से होगा। (Click here to read complete article)
- भारत के अंडर 18 एशियन वालीबॉल (पुरुष) चैम्पियनशिप में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर कांस्य पदक जीतने पर सहारनपुर निवासी भारतीय टीम के खिलाड़ी आदित्य राणा ने इतिहास रच दिया है। ईरान के तेहरान में आयोजित 14वीं अंडर 18 एशियन वालीबाल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया है। भारतीय टीम ने 25-20, 25-21, 26-28, 19-25 15-12 से जीत दर्ज की। (Click here to read complete article)
- नीरज चोपड़ा ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। नीरज चोपड़ा लुसाने डायमंड लीग 2022 जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। नीरज चोपड़ा ने 89.08 मीटर के अपने पहले थ्रो के साथ लुसाने डायमंड लीग जीती है। हाल ही में नीरज ने भारत को वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक दिलाया था। अंजू बॉबी जॉर्ज (2003) के बाद वह ऐसा करने वाले केवल दूसरे एथलीट बने। फाइनल में नीरज ने 88.13 मीटर दूर तक भाला फेंका था और रजत पदक अपने नाम किया था। (Click here to read complete article)
- विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा (FIFA) द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है। फीफा ने इसकी घोषणा की। फीफा ने अपने बयान में कहा, "परिषद ने 25 अगस्त को एआईएफएफ के निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। अब फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में योजना के अनुसार आयोजित किया जा सकता है।" (Click here to read complete article)

Summits And Conferences

- केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने मादक द्रव्यों की तस्करी और नशे की लत की त्रासदी से निपटने के लिए संबद्ध एजेंसियों और सभी राज्यों से एक साथ आने का आह्वान किया है। केन्द्रीय मंत्री ने इस संबंध में विभिन्न एजेंसियों और राज्यों के बीच समन्वय पर जोर देकर कहा कि मादक द्रव्यों से छुटकारा पाने के लिए गृह मंत्रालय अन्य मंत्रालयों और सभी संबंधितों के साथ समन्वय बनाने पर काम कर रहा है। (Click here to read complete article)
- पोर्ट, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को कहा कि ईरान में स्थित चाबहार पोर्ट का अंतरराष्ट्रीय उत्तरम से होने जुड़ाव साथ के गलियारे परिवहन दक्षिण-ध्य एशियाई देशों के साथ संपर्क सुविधा बढ़ेगी जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंध भी मजबूत होंगे। 31 जुलाई, 2022 को, सर्बानंद सोनोवाल केंद्रीय) द्वारा (मंत्री राज्य शिपिंग) नाइक श्रीपद और (मंत्री जहाजरानी सम्मे दिवस चाबहार में मुंबईलन का शुभारंभ किया गया। (Click here to read complete article)
- भारत आतंकवाद के विरुद्ध 29 अक्टूबर को एक विशेष बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 देशों के राजनयिकों की मेजबानी करेगा। भारत का सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता का दो साल का कार्यकाल इसी दिसंबर में पूरा होने वाला है, जब भारत इस महीने के लिए शक्तिशाली सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा। भारत 2022 के लिए सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति की अध्यक्षता कर रहा है। (Click here to read complete article)
- इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट)IDF WDS 2022), 12 सितंबर से नई दिल्ली में आयोजित होने वाला है। भारत उन्नत देशों से सबक लेकर अपनी प्रति पशु दूध उत्पादकता में सुधार करना चाहेगा। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के बाद, शिखर सम्मेलन का 2022 संस्करण 12-15 सितंबर से व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- राजनाथ सिंह 20 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (प्रिंसिपल बेंच) बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'आत्मनिरीक्षण: सशस्त्र बल न्यायाधिकरण' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। संगोष्ठी का आयोजन सशस्त्र बलों के सेवारत कर्मियों के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और युद्ध-विधवाओं को त्वरित और सस्ता न्याय सुनिश्चित करने के लिये स्थापित सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कामकाज की जाँच हेतु किया जा रहा है। (Click here to read complete article)
- कनाडा के हैलिफैक्स में 20 से 26 अगस्त तक 65 वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। सम्मेलन का थीम ' इंक्लूसिव, एक्सेसिबल ,अकॉउंटेबल एंड स्ट्रांग पार्लियामेंट, द कार्नर स्टोन ऑफ डेमोक्रेसी एंड एसेंशियल फ़ॉर डेवलोपमेन्ट' है। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर 08 कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भोपाल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 23वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में सदस्य राज्यों के वरिष्ठ मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, अंतर्राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। (Click here to read complete article)

Awards & Recognition

- उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने तमिलनाडु पुलिस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रपति निशान' (प्रेसिडेंट्स कलर्स) प्रदान किया और कहा कि यह राज्य पुलिस की सराहनीय सेवा और कई उपलब्धियों का सम्मान है। नायडु ने यहां एक समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को 'राष्ट्रपति निशान' भेंट किया। (Click here to read complete article)
- कनाडाई विद्वान जेफरी आर्मस्ट्रांग को 2021 के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के प्रतिष्ठित इंडोलॉजिस्ट से सम्मानित किया गया है। जेफरी आर्मस्ट्रांग को वैंकूवर में भारत के महावाणिज्य दूत मनीष द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के लिए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि आर्मस्ट्रांग को "भारत के दर्शन, विचार, इतिहास, कला, संस्कृति, भारतीय भाषाओं, साहित्य, सभ्यता, समाज, आदि के अध्ययन / शिक्षण / अनुसंधान में उनके उत्कृष्ट योगदान की मान्यता में" प्रदान किया गया है। (Click here to read complete article)
- तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को मानवता की सेवा के क्षेत्र में उनके अपार योगदान के लिए लद्दाख के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'डीपाल आरएनजीम डस्टन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दलाई लामा को यह पुरस्कार विशेषकर केंद्र शासित प्रदेश के लिए उनके योगदान को देखते हुए लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) द्वारा प्रदान किया गया है। (Click here to read complete article)
- वर्जीनिया की भारतीय अमेरिकी आर्या वालवेकर ने इस साल 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का खिताब अपने नाम कर लिया है। 18 वर्षीय आर्या को न्यू जर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का ताज पहनाया गया। 'यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया' की छात्र सौम्या शर्मा दूसरे और न्यूजर्सी की संजना चेकुरी तीसरे स्थान पर रहीं। (Click here to read complete article)
- कर्नाटक सरकार दिवंगत कन्नड़ एक्टर पॉवर स्टार पुनीत राजकुमार को मरणोपरांत कर्नाटक रत्न अवॉर्ड से सम्मानित करेगी। इसकी घोषणा कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने की। पुनीत को यह सम्मान 1 नवंबर यानी कन्नड़ राज्योत्सव के समारोह में दिया जाएगा। पिछले साल 29 अक्टूबर को दिल का दौरा पड़ने के बाद पुनीत राजकुमार का निधन हो गया था। उनकी आखिरी फिल्म 'जेम्स' इस साल 17 मार्च को रिलीज हुई थी, जिसे बॉक्स ऑफिस पर शानदार ओपनिंग मिली थी। (Click here to read complete article)

- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर को फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'शेवेलेयर दी ला लीजन दी ऑनर' से सम्मानित किया जाएगा। कई दलों के नेताओं ने थरूर को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई दी। फ्रांस की सरकार थरूर के लेखन और भाषणों के चलते उन्हें इस सम्मान से नवाज रही है। भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनेन ने थरूर को लिखित रूप से इस सम्मान के बारे में सूचित किया है। (Click here to read complete article)
- भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के लिए 107 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। भारत में राष्ट्रपति सशस्त्र बलों का सुप्रीम कमांडर होता है। राष्ट्रपति द्वारा मंजूर किए गए वीरता पुरस्कारों में 3 कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, 2 बार टू सेना मेडल (वीरता पुरस्कार), 81 सेना मेडल (वीरता पुरस्कार), 1 नौसेना मेडल (वीरता पुरस्कार) और 7 वायुसेना मेडल (वीरता पुरस्कार) शामिल हैं। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रतिष्ठित सदस्य रहे और ब्रिटेन के पहले भारतीय सांसद दादाभाई नौरोजी दक्षिण लंदन के जिस घर में लगभग आठ वर्षों तक रहे, उसे 'ब्लू प्लैक' यानी नीली पट्टिका से सम्मानित किया गया है। 'इंग्लिश हैरिटेज' चैरिटी की योजना 'ब्लू प्लैक' लंदन की ऐतिहासिक महत्व की इमारतों को दिया जाने वाला एक सम्मान है। **(**Click here to read complete article**)**
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य पुलिस के 1,082 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। उन्हें, वीरता समेत सेवा पदक की विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। सरकारी बयान के मुताबिक, वीरता के लिए 347 पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 87 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 648 पुलिस पदक प्रदान किए गए हैं। (Click here to read complete article)
- अमरीका की ऑनलाइन पत्रिका 'इनसाइडर' के लिए काम करने वाली बांग्लादेश मूल की चित्रकार और कहानीकार फहमीदा अज़ीम को 2022 के पुलित्जर पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार सचित्र व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग और कमेंट्री की श्रेणी के लिए दिया जा रहा है। इनसाइडर पत्रिका के चार पत्रकारों- एंथनी डेल कर्नल, जोश एडम्स और वॉल्ट हिक्की सहित फहमीदा अज़ीम को चीन में उइगरों के उत्पीड़न पर काम करने के लिए चुना गया है। (Click here to read complete article)
- करीम बेंजेमा और एलेक्सिया पुटेलस ने यूरोपीय फुटबॉल महासंघ (यूएफा) का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता और इस तरह से इन पुरस्कारों में स्पेनिश क्लबों का दबदबा रहा। बेंजेमा पुरुष वर्ग का खिताब जीतने के प्रबल दावेदार थे। उन्होंने चैंपियंस लीग में 15 गोल किए और रियाल मैड्रिड को रिकॉर्ड 14वां यूरोपियन खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। (Click here to read complete article)

Important Days

- विश्व स्तनपान सप्ताह 2022 हर साल अगस्त के पहले सप्ताह में माताओं और शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने को मनाया जाता है। यह दिवस 1 से 7 अगस्त के बीच मनाया जाता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के कुल शिशुओं में से लगभग 60 प्रतिशत को 6 महीने तक जरूरी ब्रेस्टफीडिंग नहीं मिलती है। (Click here to read complete article)
- मुस्लिम महिला अधिकार दिवस (Muslim Women Rights Day) भारत में 1 अगस्त को मनाया जाता है। तीन तलाक कानून के लागू होने के उपलक्ष्य में 1 अगस्त को पूरे देश में मुस्लिम महिला अधिकार दिवस मनाया जाता है। शरीयत या मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार, मुस्लिम पुरुषों को लगातार तीन बार तलाक शब्द का उच्चारण करके अपनी शादी को समाप्त करने का विशेषाधिकार दिया गया था। हालांकि, 2019 में भारत सरकार ने इस कानून को निरस्त कर दिया। (Click here to read complete article)
- फेफड़ों के कैंसर से संबंधित चुनौतियों और खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, हर साल 1 अगस्त को वर्ल्ड लंग कैंसर डे (World Lung Cancer Day) मनाया जाता है। फेफड़ों का कैंसर पुरुषों और महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। फेफड़े का कैंसर भारत में सबसे आम कैंसर में से एक है। यह भारत में कैंसर मृत्यु दर का प्रमुख कारण भी है। (Click here to read complete article)
- हिरोशिमा दिवस हर साल 6 अगस्त को शांति की राजनीति को बढ़ावा देने और हिरोशिमा पर बम हमले के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। हिरोशिमा शहर पर एक परमाणु हथियार से हमला किया गया था, जिसने 6 अगस्त, 1945 को तुरंत हजारों लोगों की जान ले ली थी। आज जापानी शहर पर परमाणु बमबारी की 77वीं वर्षगांठ है। यह परमाणु बम से हमला करने वाला पहला शहर था। **(**Click here to read complete article**)**
- हर साल 7 अगस्त के दिन राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (National Handloom Day 2022) मनाया जाता है। इस दिन भारतीय लोकल हैंडलूम (Local Handloom) को प्रोत्साहित किया जाता है। इंडियन ब्रांड्स और खादी (Khadi) को विश्वभर में पहुंचाने की पहल की जाती है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य आर्थिक रूप से हथकरघा उद्योग को मजबूत बनाना और इसे दुनिया में ब्रांड के तौर पर पेश करना है। **(**Click here to read complete article**)**
- मानव अधिकार, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी लोगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को हल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 9 अगस्त को विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। (Click here to read complete article)

- प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को नागासाकी दिवस (Nagasaki Day) मनाया जाता है। 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के नागासाकी पर परमाणु बम गिराया। बम के डिजाइन के कारण इसका कोड-नाम "फैट मैन" रखा गया था क्योंकि इसका आकार चौड़ा, गोल था। एक आंकड़े के मुताबिक, इसमें करीब-करीब एक लाख चालीस हज़ार लोग मारे गए थे। (Click here to read complete article)
- विश्व शेर दिवस (World Lion Day) हर साल 10 अगस्त को शेरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन शेर के संरक्षण के लिए समर्थन जुटाने का भी प्रयास करता है। यह दिन शेर के संरक्षण के लिए समर्थन जुटाने का भी प्रयास करता है। (Click here to read complete article)
- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा हर साल 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस (World Biofuel Day) के रूप में नया जाता है। विश्व जैव ईंधन दिवस को ईंधन के अपरम्परागत स्रोतों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन के दौरान, ऊर्जा के एक अलग स्रोत के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सरकारी और निजी संगठन एक साथ आते हैं। (Click here to read complete article)
- अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस (International Youth Day) हर साल 12 अगस्त को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य देश के युवाओं की आवाज, कार्यों और उनके द्वारा किए गये आविष्कार को देश–दुनिया तक पहुंचाना है। युवाओं की समस्याओं को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार आयोग तक पहुंचाना है। **(**Click here to read complete article**)**
- विश्व हाथी दिवस हर साल 12 अगस्त को मनाया जाता है। एलिफेंट रिइंट्रोडक्शन फाउंडेशन और फिल्म निर्माताओं पेट्रीसिया सिम्स और माइकल क्लार्क द्वारा साल 2011 में इस दिवस को मनाने का फैसला किया गया। यह दिन इस बात पर प्रकाश डालने की कोशिश करता है कि इन जानवरों की रक्षा क्यों की जानी चाहिए और उनके अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए कौन से कानून और उपाय लागू किए जा सकते हैं। (Click here to read complete article)
- प्रत्येक साल 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। अंगदान जीवन का सबसे बड़ा महापुण्य है। इससे दूसरे लोगों का जीवन को बचाया जा सकता है। यह दिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि लोगों में अंगदान करने के प्रति जागरूकता फैले। डॉक्टर जिस व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित कर देते हैं उनका अंग दान किया जा सकता है। (Click here to read complete article)
- अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी दिवस (International Left-Handers Day) हर साल 13 अगस्त को बाएं हाथ के लोगों की विशिष्टता और मतभेदों का जश्न मनाने और मुख्य रूप से दाएं हाथ की दुनिया में बाएं हाथ के होने के फायदे और नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- 12 अगस्त को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया गया। हर साल श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर इस दिवस का आयोजन किया जाता है। संस्कृत को दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक होने का गौरव प्राप्त है। इसे देवताओं की भाषा भी कहा जाता है। दुनिया की सबसे शुरुआती भाषाओं में से एक होने का गौरव प्राप्त करने वाली यह भाषा भारतीय इतिहास के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके बारे में लोगों को और अधिक जागरूक करने के मकसद से हर साल विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- पारसी नववर्ष यानी नवरोज (Navroz) का पर्व इस साल आज मनाया जा रहा है। फ़ारसी में 'नव' और 'रोज़' शब्द का मतलब होता है कि 'नया' और 'दिन'। नवरोज को जमशेदी नवरोज, नौरोज, पतेती नाम से भी जानते हैं। हिंदी कैलेंडर के अनुसार, दुनियाभर में नया साल 1 जनवरी को मनाया जाता है। वहीं हिंदू धर्म में नया साल चैत्र मास में मनाया जाता है। उसी तरह पारसी कैलेंडर के अनुसार, नवरोज आज के दिन मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस (World Photography Day) मनाया जाता है। विश्व फोटोग्राफी दिवस फोटोग्राफी की कला, शिल्प, विज्ञान और इतिहास का एक वार्षिक, विश्वव्यापी उत्सव है.यह सबसे महत्वपूर्ण कला के रूपों में से एक है। फोटोग्राफी किसी की भावनाओं और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को व्यक्त करने का एक साधन है। (Click here to read complete article)
- हर साल 19 अगस्त का दिन विश्व मानवतावादी दिवस के रूप में दुनियाभर में मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों को अर्पित किया जाता है, जो असल जिंदगी के नायक है। जो बिना अपने लाइफ की परवाह किए लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। (Click here to read complete article)
- हर साल 20 अगस्त को सद्भावना दिवस रूप में मनाया जाता है। यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी (former Prime Minister Rajiv Gandhi) को श्रद्धांजलि देने और सद्भावना के भाव का विस्तार करने के लिए मनाया जाता है। इस साल 20 अगस्त 2022 को हम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वीं जयंती मना रहे हैं। (Click here to read complete article)
- अक्षय ऊर्जा दिवस प्रत्येक वर्ष 20 अगस्त को भारत में अक्षय ऊर्जा को अपनाने से संबंधित विकास के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती भी है। जैसे-जैसे पृथ्वी के संसाधन हर दिन खतरनाक दर से समाप्त होते जा रहे हैं, अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया जाना महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसका उद्देश्य लोगों को जल विद्युत, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और बायोगैस जैसे प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के बारे में जागरूक करना है। (Click here to read complete article)
- हर साल 20 अगस्त को मच्छरों से बचने के लिए विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों के बीच जागरूकता (Awareness) फैलाने के लिए कई कार्यक्रम (Program) भी आयोजित किए जाते है। मच्छर दिवस उनसे होने वाली बीमारियों के बारे में बताने के लिए मनाया जाता है। मच्छर कई तरह की बीमारियों के वाहक होते हैं। (Click here to read complete article)

- संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष 22 अगस्त को 'धर्म या मत के आधार पर हिंसक कृत्यों पीड़ितों की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाता है। यह दिन धार्मिक हिंसा या विश्वास के आधार पर, धार्मिक अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों सहित, हिंसा और आतंकवाद को लक्षित करने वाले कार्यों की कड़ी निंदा करने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- हर साल 21 अगस्त को वर्ल्ड सीनियर सिटिजंस डे मनाया जाता है। इसे पहली बार साल 1991 में मनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने साल 1990 में व्यस्क यानी वृद्ध नागरिकों के सम्मान में वर्ल्ड सीनियर सिटिजंस डे मनाने की घोषणा की थी। यह दिन दुनियाभर के बुजुर्गों को सम्मान देने और उन्हें स्पेशल महसूस कराना है। (Click here to read complete article)
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 21 अगस्त को आतंकवाद के पीड़ितों की याद और श्रद्धांजलि देने का अंतरराष्ट्रीय दिवस (International Day of Remembrance and Tribute to the Victims of Terrorism) के रूप में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में आतंकवाद की वजह से घायल, मौत का शिकार हुए लोगों, पीड़ितों और प्रभावितों को सम्मान, समर्थन व सहायता देने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- दास व्यापार और उसके उन्मूलन के स्मरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day for the Remembrance of the Slave Trade and its Abolition) हर साल 23 अगस्त को मनाया जाता है। बता दें यह दिन उन लाखों लोगों को याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है जो ट्रांस-अटलांटिक दास व्यापार के शिकार थे। (Click here to read complete article)
- विश्व जल सप्ताह 2022 का आयोजन 23 अगस्त से 1 सितंबर तक किया गया है। विश्व जल सप्ताह (World Water Week) वैश्विक जल मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय विकास से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए 1991 से स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय जल संस्थान (Stockholm International Water Institute - SIWI) द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। विश्व जल सप्ताह 2022 की थीम "Seeing the unseen: The value of water" है। (Click here to read complete article)
- विश्व गुजराती भाषा दिवस 2022 हर साल 24 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन गुजरात के महान लेखक 'वीर नर्मद' की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 'गुजराती दिवस' इसलिए मनाया जाता है क्योंकि कवि नर्मद को गुजराती भाषा का निर्माता माना जाता था। उन्होंने गुजराती साहित्य को अंतर्राष्ट्रीय बनाया है। (Click here to read complete article)
- 26 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय डॉग दिवस मनाया जाता है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय डॉग दिवस का आयोजन 26 अगस्त, 2004 को किया गया। कुत्तों का महत्व समझाने के लिए इस दिन को मनाया जाता है। 26 अगस्त को मनाया जानेवाला ये दिवस सभी प्रजाति, आकार, नस्ल के बावजूद कुत्तों के महत्व की तरफ ध्यान आकर्षित करता है। (Click here to read complete article)

Defence Current Affairs

- भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का जश्न मनाने और 'ऑपरेशन विजय' में सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए करगिल के द्रास में 'प्वाइंट 5140' को 'गन हिल' नाम दिया गया है। एक रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार को ये जानकारी देते हुए कहा कि घातक गोलाबारी के साथ तोपखाना रेजिमेंट दुश्मन सैनिकों पर भारी पड़ी, जिसमें प्वाइंट 5140 भी शामिल था, जो 1999 के करगिल युद्ध में अभियान को जल्दी पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। (Click here to read complete article)
- भारत इस महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एक मेगा हवाई युद्ध अभ्यास में शामिल होगा। इस अभ्यास में भारत समेत 17 देशों के लगभग 100 विमान और 2,500 सैन्यकर्मी भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारत में अभ्यास इस के नाम "ब्लैक पिच" है। की पुष्टि की भागीदारी की अभ्यास पिच ब्लैक 2022 शुरू करने के लिए एक्सरसाइज पिच ब्लैक एक द्विवार्षिक तीन सप्ताह-है। अभ्यास रोजगार बल बड़ा बहुराष्ट्रीय का (Click here to read complete article)
- भारतीय वायुसेना में काफी लंबे समय से मिग-21 (Mig-21) विमान अपनी सेवाएं दे रहा है। इसे लेकर अब आईएएफ(IAF) ने 2025 तक मिग-21 बाइसन विमान के सभी स्क्वाड्रन को रिटायर करने की योजना बनाई है। एयरफोर्स इनकी जगह पर हल्के और स्वदेशी विमान को लाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के जवाबी हमले को इस विमान ने विफल कर दिया था। कैप्टन अभिनंदन ने इसी विमान के बल पर अमरीका के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया था। (Click here to read complete article)
- भारत और फ्रांस ने नौसेनाओं के बीच तालमेल का परीक्षण करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास किया। रूस निर्मित भारतीय नौसेना जहाज (INS) तरकश, जो अपनी लंबी दूरी की विदेशी तैनाती पर है, ने 29 और 30 जुलाई को उत्तरी अटलांटिक महासागर में फ्रांसीसी नौसैनिक जहाजों के साथ एक समुद्री साझेदारी अभ्यास (MPX) में भाग लिया। आईएनएस तरकश भारतीय नौसेना द्वारा आदेशित तलवार श्रेणी के युद्धपोतों के दूसरे बैच का हिस्सा है। (Click here to read complete article)
- भारतीय सेना और अमेरिकी सेना उत्तराखंड के औली में 14 से 31 अक्टूबर, 2022 तक पखवाड़े तक चलने वाले मेगा सैन्य अभ्यास "युद्ध अभ्यास" के 18वें संस्करण का आयोजन करेंगे। अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच समझ, सहयोग और अंतःक्रियाशीलता को बढ़ाना है। अभ्यास का पिछला संस्करण अक्टूबर 2021 में अमेरिका के अलास्का में हुआ था। (Click here to read complete article)
- भारतीय सेना ने जुलाई के अंतिम सप्ताह में 'एक्स स्काईलाइट' नाम से एक अखिल भारतीय उपग्रह संचार अभ्यास किया है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी विरोधी के हमले की स्थिति में अपने हाई-टेक उपग्रह संचार प्रणालियों की परिचालन तत्परता और मजबूती का परीक्षण करना था। (Click here to read complete article)

- डिफेंस एक्सपो का आयोजन इस साल 18 से 22 अक्टूबर तक गुजरात के गांधीनगर में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस साल का डेफएक्सपो प्रतिष्ठित द्विवार्षिक रक्षा प्रदर्शनी का 12वां संस्करण होगा। सशस्त्र बलों, डीपीएसयू और उद्योग के उपकरणों और कौशल सेट का प्रदर्शन साबरमती रिवर फ्रंट में सभी स्तरों पर सक्रिय भागीदारी और सिंक्रनाइज प्रयासों के माध्यम से सभी पांच दिनों में लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- भारत-अमेरिका के संयुक्त विशेष सैन्य बलों के 13वें संस्करण के अभ्यास 'वज्र प्रहार, 2022' की शुरुआत 8 अगस्त 2022 को हुई। ये हिमाचल प्रदेश के बकलोह में स्थित स्पेशल फोर्सेज ट्रेनिंग स्कूल में शुरू की गई है। अमेरिकी दल का प्रतिनिधित्व यूएस स्पेशल फोर्सेज के फर्स्ट स्पेशल फोर्सेज ग्रुप (SFG) और स्पेशल टैक्टिक्स स्क्वाड्रन (STS) के जवानों ने किया। भारतीय सैन्य दल में पैरा स्पेशल फोर्स के कमांडो शामिल हैं। (Click here to read complete article)
